कोटद्वार, मंगलवार
1 जुलाई 2025
वर्षः 47
अंकः 64 पृष्ठः 4
मूल्यः 2.00

# जयन्त

निर्भीक – निष्पक्ष – जनसरोकार

www.dainikjayantnews.com
स्थापित 1979
संस्थापकः स्व. नरेन्द्र उनियाल

डाक पंजीयन पी.ए.ओ.07-2024-26 फोनः 9412081969 email: nagendra.uniyal@gmail.com

## एक नजर

### बदरीनाथ और हेमकुंड साहिब यात्रा फिर शुरू

चमोली : चमोली जिले में बारिश, पहाडों से बोल्डर गिरने और भूस्खलन के कारण सतर्कता को देखते हुए चारधाम यात्रा को 24 घंटे के लिए स्थगित कर दिया गया था, लेकिन सोमवार को बदरीनाथ और हेमकुंड यात्रा फिर से शुरू हो गई है। बता दें कि रविवार को बदरीनाथ हाईवे पर पीपलकोटी, गौचर और जोशीमठ में रोके गए तीर्थ यात्रियों को रवाना किया गया। यात्रा शुरू होने के बाद अलग-अलग स्थानों पर रुके यात्रियों ने राहत की सांस ली है। बदरीनाथ हाइवे के सुचारु होने के बाद भी पुलिस-प्रशासन की ओर से सतर्कता बरती जा रही है। मौसम की जानकारी जुटाने के बाद तीर्थ यात्रियों को भी अपडेट किया जा रहा है। यात्रियों से अपील भी की जा रही है कि खराब मौसम के दौरान वे सुरक्षित स्थान पर रुक जाएं। जिलाधिकारी डॉ. संदीप तिवारी ने बताया कि चमोली जिले में बदरीनाथ हाइवे सुचारू हो गया है। 24 घंटे के लिए स्थगित चारधाम यात्रा दोबारा सुचारु हो गई है। जिले में 47 ग्रामीण और लिंक रोड अभी भी अवरुद्ध हैं, जिससे खोलने के लिए प्रयास किए जा रहे हैं। (एजेंसी)

### जंगल में मिला शव, मचा हड़कंप

रुद्रप्रयाग : मुख्यालय स्थित कमेड़ा गांव के ऊपर जंगल में एक शव बरामद होने से सनसनी फैल गई। सूचना पर डीडीआरएफ मौके पर पहुंची और शव को बरामद कर जिला चिकित्सालय भेज दिया गया है। जानकारी के अनुसार पुलिस कंट्रोल रूम को एक व्यक्ति द्वारा सूचना दी गई कि रुद्रप्रयाग जनपद के कोटेश्वर मार्ग पर स्थित कमेड़ा गांव के ऊपर जंगल में एक शव पड़ा है, जो गांव से गुमशुदा व्यक्ति वीर सिंह का बताया जा रहा है। सूचना मिलते ही डीडीआरएफ की टीम मौके पर पहुंची और जंगल से शव को बरामद किया। डीडीआरएफ द्वारा शव को जिला चिकित्सालय भेजा गया है जहां शव का पोस्टमार्टम किया जाएगा। आपदा प्रबंधन अधिकारी एनएस रजवार ने बताया कि शव की पहचान वीर सिंह पुत्र दलीप सिंह ग्राम व पोस्ट कमेड़ा जनपद रुद्रप्रयाग के रूप में हुई है। जरूरी कार्यवाही करते हुए शव को जिला चिकित्सालय भेज दिया गया है। (एजेंसी)

### गुलदार के हमले से महिला घायल

रुद्रप्रयाग : डांगी गांव में खेतों में काम करने गई एक महिला पर गुलदार ने हमला कर घायल कर दिया। आसपास मौजूद अन्य महिलाओं के शोर मचाने के बाद गुलदार भाग गया, जिससे महिला की जान बच गई। ग्रामीणों ने 108 सेवा की मदद से घायल महिला को उपचार के लिए सीएचसी अगस्त्यमुनि में भर्ती कराया है, जहां उसका उपचार चल रहा है। वहीं घटना के बाद से लोगों में दहशत बनी है। उप तहसील बसुकेदार के पठालीधार क्षेत्र के डांगी गांव में 65 वर्षीय चेता देवी पत्नी गोविंद सिंह रावत अन्य महिलाओं के साथ गांव से कुछ दूर खेतों में काम करने गई। इसी दौरान घात लगाए गुलदार ने उन पर हमला कर दिया जिससे महिला घायल हो गई। महिला के चिल्लाने की आवाज सुनकर आसपास मौजूद अन्य महिलाओं ने शोर मचाया और मौके की तरफ पत्थर फेंके। महिलाओं के शोर मचाने के बाद गुलदार भाग गया और महिला की जान बच गई। गांव में सूचना मिलते ही सभी ग्रामीणों ने 108 सेवा की मदद से घायल महिला को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अगस्त्यमुनि में भर्ती कराया। जहां डॉक्टर महिला का उपचार कर रहे हैं। महिला के सिर, हाथ और पैरों में घाव हैं जबकि 23 टांके आए हैं। फिलहाल महिला की स्थिति में सुधार है। ग्रामीणों ने कहा कि गांव में गुलदार का भय है। बरसात के समय चारों ओर झाड़ियां होने से भी जंगली जानवरों का खतरा पैदा हो गया है।

### 'स्कूल खुलने से पहले वन विभाग लगाए पिंजरा


बागेश्वर। तहसील में इन दिनों बंदरों का आतंक बढ़ गया है। बंदरों की समस्या से परेशान मटेना के ग्रामीणों ने वन क्षेत्राधिकारी बैजनाथ को ज्ञापन सौंपा। बच्चों के स्कूल खुलने से पहले पिंजरा लगाने की मांग की है। ग्रामीणों ने रेंजर को भेजे ज्ञापन में कहा कि एक जुलाई से विद्यालय खुलने वाले हैं। रास्ते में बंदरों का आतंक बढ़ता जा रहा है।

---

**तेलंगाना में बीजेपी को बड़ा झटका**

# फायर ब्रांड नेता टी राजा सिंह ने पार्टी से दिया इस्तीफा

नई दिल्ली , तेलंगाना में गोशामहल के विधायक टी राजा सिंह ने बीजेपी से इस्तीफा दे दिया है। बताया जा रहा है कि टी राजा सिंह तेलंगाना बीजेपी अध्यक्ष पद का चुनाव लड़ना चाहते थे। उन्होंने अपना इस्तीफा तेलंगाना बीजेपी अध्यक्ष जी किशन रेड्डी को भेज दिया है। टी राजा सिंह ने सदमे और निराशा का हवाला देते हुए पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दिया है। उन्होंने तेलंगाना बीजेपी अध्यक्ष के तौर पर नया नाम सामने आने के बाद ये फैसला लिया है। आलाकमान ने एन रामचंद्र राव के नाम पर राज्य बीजेपी अध्यक्ष के पद पर सहमति जताई है। इसी से नाराज होकर टी राजा सिंह ने अपना इस्तीफा इस वक्त के प्रदेश अध्यक्ष बंडी संजय कुमार को भेज दिया है। बीजेपी से इस्तीफे के ऐलान के साथ ही टी राजा सिंह ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर दो पत्र शेयर किए हैं। इन दो पत्रों को शेयर करते हुए टी राजा सिंह ने कहा, 'बहुत से लोगों की चुप्पी को सहमति नहीं समझा जाना चाहिए।



मैं सिर्फ अपने लिए नहीं, बल्कि उन अनगिनत कार्यकर्ताओं और मतदाताओं के लिए बोल रहा हूं। जो हमारे साथ आस्था के साथ खड़े थे और जो आज निराश महसूस कर रहे हैं। पार्टी से इस्तीफा देने के ऐलान के साथ ही टी राजा सिंह ने जो पत्र लिखा है, उसमें उन्होंने कहा, 'भले ही मैं पार्टी से अलग हो रहा हूं, लेकिन मैं हिंदुत्व की विचारधारा और हमारे धर्म और गोशामहल के लोगों की सेवा के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध हूं। मैं अपनी आवाज उठाता रहूंगा और हिंदू समुदाय के साथ और भी अधिक मजबूती से खड़ा रहूंगा। टी राजा सिंह ने पत्र में आगे लिखा, 'यह एक कठिन निर्णय है, लेकिन एक जरूरी निर्णय है। बहुत से लोगों की चुप्पी को सहमति नहीं समझना चाहिए। मैं सिर्फ अपने लिए नहीं, बल्कि उन असंख्य कार्यकर्ताओं और मतदाताओं के लिए बोल रहा हूं जो हमारे साथ आस्था के साथ खड़े थे और जो आज निराश महसूस कर रहे हैं। गोशामहल से विधायक राजा सिंह ने कहा, 'मैं हमारे वरिष्ठ नेतृत्व माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा जी, अमित शाह जी और बीएल संतोष जी से भी विनम्रतापूर्वक अपील करता हूं कि वे इस कोर्स पर पुनर्विचार करें। तेलंगाना भाजपा के लिए तैयार है, लेकिन हमें उस अवसर का सम्मान करने और उसे हाथ से न जाने देने के लिए सही नेतृत्व चुनना चाहिए।

---

# सरकार विज्ञान और तकनीकी नवाचार को बढ़ावा देने के लिए कृतसंकल्पित : धामी

**सीएम ने किश विकसित डैशबोर्ड का शुभारंभ, पुस्तक का किया विमोचन**

**जयन्त प्रतिनिधि।**

देहरादून : मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सोमवार को मुख्यमंत्री आवास स्थित मुख्य सेवक सदन में विकसित भारत 2047 के निर्माण के लिए हिमालयी राज्यों के परिप्रेक्ष्य में अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी एवं अनुप्रयोग अन्तरिक्ष सम्मेलन 2025 में प्रतिभाग किया। इस अवसर पर इसरो अध्यक्ष डॉ. वी. नारायणन विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर चंपावत को मॉडल जिला बनाने के लिए इसरो और यूकास्ट द्वारा विकसित डैशबोर्ड का शुभारंभ किया। साथ ही इसरो द्वारा प्रकाशित पुस्तक का विमोचन भी किया।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने देश भर से आए वैज्ञानिकों और प्रतिभागियों का स्वागत करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'विकसित भारत@2047' के संकल्प को साकार करने की दिशा में यह सम्मेलन मील का पत्थर साबित होगा।



मुख्यमंत्री ने कहा कि आज अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी अनुसंधान तक सीमित न रहकर संचार, कृषि, मौसम पूर्वानुमान, आपदा प्रबंधन, शिक्षा, स्वास्थ्य और आधारभूत ढांचे के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। कहा कि शुभांशु शुक्ला का मिशन गगनयान भविष्य के अंतरिक्ष अभियानों के लिए महत्वपूर्ण आधार तैयार करेगा। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड सरकार विज्ञान और तकनीकी नवाचार को बढ़ावा देने के लिए कृतसंकल्पित है और प्रदेश में साइंस सिटी, साइंस एवं इनोवेशन सेंटर, एआई, रोबोटिक्स, ड्रोन व अन्य अत्याधुनिक प्रयोगशालाओं की स्थापना पर कार्य तेजी से चल रहा है। मुख्यमंत्री ने विश्वास व्यक्त किया कि यह सम्मेलन उत्तराखंड को ह्लस्पेस टेक्नोलॉजी फ्रेंडली स्टेटह्व बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा और प्रदेश के सतत विकास में सहयोगी सिद्ध होगा। इसरो चेयरमैन डॉ. वी नारायणन ने कहा कि 1963 में भारत ने पहला रॉकेट लांच किया था। 1963 से अब तक भारत ने 100 से अधिक रॉकेट लांच किए हैं। 1975 तक हमारे पास अपने कोई सेटेलाइट नहीं थे, लेकिन अब भारत के पास अपने 131 सैटेलाइट हैं। टीवी ब्रॉडकास्ट से लेकर हर जगह सैटेलाइट बड़े पैमाने पर मददगार साबित हो रहे हैं। इसरो द्वारा ह्यूमन स्पेस प्रोग्राम पर कार्य किया जा रहा है। उस रॉकेट पर कार्य किये जा रहे हैं, जो पृथ्वी की लोवर ऑर्बिट पर 75 हजार किलो तक के सेटेलाइट को लांच करेगा, जिसे करीब 27 दिनों में पूरा कर लिया जाएगा। उन्होंने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हम नए कीर्तिमान स्थापित कर रहे हैं। उनके नेतृत्व में भारत 2047 तक विकसित भारत अवश्य बनेगा।

---

# अमरनाथ यात्रा : जम्मू के सरस्वती धाम में टिकट काउंटर शुरू, श्रद्धालुओं में दिखा उत्साह

जम्मू ,अमरनाथ यात्रा की शुरुआत से पहले जम्मू के सरस्वती धाम में टिकट काउंटरों की औपचारिक शुरुआत की गई है। सरस्वती धाम में इस साल कुल 12 टिकट काउंटर शुरू किए गए हैं, जिनमें 6 काउंटर पहलगाम रूट के लिए और 6 काउंटर बालटाल रूट के लिए निर्धारित किए गए हैं। दोनों रूटों के लिए हर दिन एक–एक हजार टिकट उपलब्ध कराए जा रहे हैं। मौसम को ध्यान में रखते हुए यात्रियों के लिए वॉटरप्रूफ वेटिंग रूम की भी व्यवस्था की गई है, ताकि बारिश या खराब मौसम की स्थिति में उन्हें किसी तरह की परेशानी न हो। जम्मू साउथ, एसडीएम मनु हंसा ने बताया कि टिकट काउंटर के अलावा दो वेटिंग एरिया बनाए हैं, जिसमें एक पहलगाम और दूसरा बालटाल रूट पर जाने वाले श्रद्धालुओं के लिए बनाया है। यहां यही एकमात्र टिकट काउंटर है, जहां से श्रद्धालुओं को टिकट दिए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि अमरनाथ श्राइन बोर्ड की तरफ से टिकट की संख्या तय होती है। श्रद्धालुओं की



भीड़ को देखते हुए टिकट का कोटा जारी किया जाता है। यात्रा में भाग लेने को लेकर आयु संबंधी कुछ दिशा–निर्देश भी जारी किए गए हैं। एसडीएम के मुताबिक, इस साल 13 वर्ष से कम उम्र के बच्चों और 70 वर्ष से अधिक उम्र के वरिष्ठ नागरिकों को यात्रा में शामिल होने की अनुमति नहीं दी जाएगी। ये निर्णय उनकी सुरक्षा और स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए लिया गया है। देश के अलग–अलग हिस्सों से पहुंचे श्रद्धालुओं में भारी उत्साह देखने को मिला। श्रद्धालुओं ने आईएएनएस से बातचीत में कहा, हाल ही में पहलगाम में हुई घटना चिंता का विषय रही, लेकिन उन्हें भारतीय सेना पर पूरा भरोसा है। उनका कहना है कि वो बाबा बर्फानी के दर्शन के लिए कभी रुके नहीं हैं और न ही भविष्य में रुकेंगे। उन्होंने सभी देशवासियों से आग्रह किया कि वो इस पावन यात्रा में भाग लें और श्रद्धा के साथ जुड़ें। इससे पहले, यात्रा की तैयारियों को परखने के लिए जम्मू–श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग पर एक ड्राई रन आयोजित किया गया।

---

### चंडीगढ़ की युवती को शादी का झांसा देकर दून में दुष्कर्म

देहरादून। चंडीगढ़ निवासी युवती के साथ दोस्त ने शादी का झांसा देकर दून लाकर यहां के होटल में दुष्कर्म किया। इसके बाद आरोपी शादी से मुकर गया। पीड़ित युवती ने आरोपी के खिलाफ चंडीगढ़ में दुष्कर्म का केस दर्ज कराया है। घटना दून के होटल में होने के कारण वहां से केस जांच के लिए लिए दून ट्रांसफर कर दिया गया है। इंस्पेक्टर पटेलनगर चंद्रभान सिंह अधिकारी ने बताया कि चंडीगढ़ से दुष्कर्म के मामले का केस ट्रांसफर होकर उनके यहां दर्ज हुआ है। पीड़िता का शिकायत में कहना है कि वह चंडीगढ़ में नौकरी करने वाले अपने भाई के साथ रहती है। इस दौरान उसकी जान पहचान हीरा सिंह निवासी सेक्टर नौ थाना नॉर्थ चंडीगढ़ से हुई। आरोप है कि वह 10 अगस्त 2022 को पीड़िता को घुमाने देहरादून लाया। यहां दोनों सहानपुर रोड स्थित ला होटल अमृतम में रुके। यहां आरोपी ने पीड़िता से सगाई की रस्म की। आरोप है कि इसके झांसे में लेकर शारीरिक संबंध बनाए। दोनों के बीच इसके बाद काफी समय तक बातचीत सामान्य रही। कुछ समय पहले आरोपी ने शादी से इनकार कर दिया। तब पीड़ित ने बीते दिनों चंडीगढ़ में आरोपी हीरा सिंह खिलाफ केस दर्ज कराया। वहां की पुलिस ने पूछताछ की तो पता लगा कि शारीरिक संबंध बनाने की घटना दून में हुई। इसलिए केस को जांच के लिए यहां ट्रांसफर किया गया है।

---

**तेलंगाना में मौत का तांडव : दवा फैक्ट्री का रिएक्टर बना काल**

# 10 मजदूरों की मौत, मलबे में जिंदगी की तलाश जारी

हैदराबाद ,। हैदराबाद के पाशमैलारम में स्थित एक औद्योगिक इकाई में भीषण विस्फोट हुआ है, जिसमें दस मजदूरों के मारे जाने की खबर है और 20 अन्य घायल हो गए हैं। यह हादसा सुबह करीब 9 बजे सांगारेड्डी जिले के औद्योगिक क्षेत्र में स्थित एक केमिकल फैक्ट्री में हुआ। इस विस्फोट के कारण सिगाची केमिकल्स परिसर में भीषण आग लग गई। घटना की जानकारी मिलने के बाद दमकल की 11 गाड़ियां मौके पर पहुंची हैं, जो केमिकल फैक्ट्री में लगी आग पर काबू पाने की कोशिश कर रही हैं। पुलिस, दमकल सेवाओं और अन्य कर्मचारियों ने बचाव और राहत कार्य शुरू कर दिया। घायलों को अस्पतालों में ले जाने के लिए एंबुलेंस भी मौके पर मौजूद हैं। घायलों को सरकारी और निजी अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। कुछ घायलों की हालत



गंभीर बताई जा रही है। दस मजदूरों के घटनास्थल पर मारे जाने की खबर है, जबकि एक घायल मजदूर की अस्पताल में मौत हो गई है। हालांकि, अधिकारियों ने अभी तक मौतों की पुष्टि नहीं की है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, विस्फोट इतना जोरदार था कि मजदूर हवा में उछलकर कई मीटर दूर जा गिरे। कारखाने की इकाई विस्फोट के प्रभाव से ढह गई और आग पास की इमारत तक फैल गई। विस्फोट के समय कई मजदूर रिएक्टर के पास काम कर रहे थे। कारखाने में ओडिशा, उत्तर प्रदेश और अन्य राज्यों के प्रवासी मजदूर काम करते थे।

इस विस्फोट और आग से रासायनिक इकाई और आसपास के कारखानों में कर्मचारियों में दहशत फैल गई, जिसके बाद वे परिसर से बाहर भाग गए। इस बीच, बचावकर्मी मलबे को हटाने के लिए अर्थमूवर का इस्तेमाल कर रहे हैं। आशंका है कि कुछ मजदूर मलबे के नीचे फंसे हो सकते हैं। सांगारेड्डी जिला कलेक्टर पी. प्रवीण्या और पुलिस अधीक्षक परितोष पंकज भी मौके पर पहुंचे और बचाव व राहत कार्यों की निगरानी कर रहे हैं।

---

# नाबालिग दलित लड़की का ब्रेनवाश कर आतंकी बनाया

### ले गये केरल, जेहाद की ट्रेनिंग दी, पुलिस ने 2 को गिरफ्तार किया

प्रयागराज । फूलपुर थाना क्षेत्र की एक नाबालिग दलित लड़की को केरल में आतंकी बनाने की ट्रेनिंग दी जा रही थी। पुलिस के मुताबिक, आरोपियों ने नाबालिग लड़की का अपहरण किया। उसे प्रयागराज से केरल ले गए। जबरन धर्म परिवर्तन कराया। फिर उसे जिहाद के नाम ट्रेनिंग देने लगे। इसी बीच पीड़िता वहां से भागकर केरल के एक रेलवे स्टेशन पहुंची। जहां रेलवे पुलिस को उसने आपबीती सुनाई। केरल पुलिस ने प्रयागराज पुलिस को सूचना दी। पुलिस नाबालिग को प्रयागराज लेकर आई।

पीड़ित की मां की शिकायत पर आरोपी मोहम्मद कैफ और कहकशा बानो को गिरफ्तार कर आतंकी माड्यूल का खुलासा किया। आतंकी माड्यूल में



कौन–कौन शामिल हैं? यह गिरोह अब तक कितने लोगों को शिकार बना चुका है? इसकी जांच के लिए पुलिस की 3 टीमें बनाई गई हैं।

प्राप्त जानकारी के अनुसार 28 जून को एक दलित महिला ने फूलपुर थाने में शिकायत की थी। इसमें बताया था 8 मई को मेरी नाबालिग बेटी (15) गांव में ही कोटेदार के यहां शादी में दावत खाने गई थी। लेकिन वहां से नहीं लौटी। एक दिन मेरे पास बेटी का फोन आया, उसने बताया कि फूलपुर के लिलहट गांव निवासी कहकशा बानो (19) उसे अपहरण कर केरल लेकर आई है। यहां उसने मेरा धर्म परिवर्तन करा दिया है। प्रयागराज पुलिस नाबालिग की तलाश में थी। इसी बीच, केरल की रेलवे पुलिस ने प्रयागराज पुलिस को फोन करके नाबालिग के बारे में जानकारी दी। पुलिस नाबालिग को प्रयागराज लेकर आई।

पुलिस के अनुसार किशोरी ने बताया कि कहकशा बानो ने मेरा ब्रेन बॉश किया। मुझे पैसे देने का लालच दिया। वह मुझे अपने साथ ले गई। उसके दोस्त लिलहट गांव निवासी मोहम्मद कैफ ने हम दोनों को बाइक से प्रयागराज जंक्शन स्टेशन तक पहुंचाया। इस दौरान मोहम्मद कैफ ने मेरे साथ छेड़खानी की। कहकशा बानो मुझे पहले दिल्ली ले गई। फिर ट्रेन से ही केरल लेकर पहुंची। यहां कहकशा बानो ने मुझे कुछ संदिग्ध लोगों से मिलवाया। जिन्होंने पहले मुझे पैसे का लालच दिया। फिर बाद में मेरा जबरन धर्म परिवर्तन कराया। वहां पर रखकर जिहाद के लिए दबाव बनवाया। एक दिन मैं मौका पाकर वहां से भाग निकली। रेलवे स्टेशन पर पुलिस के पास गई और आपबीती सुनाई। केरल पुलिस ने मेरे परिजनों और पुलिस को सूचना दी। इसके बाद मुझे केरल में सीडब्ल्यूसी के सुपुर्द कर दिया। इसके बाद फूलपुर पुलिस पहुंची और मुझे घर लेकर आई।

---

### समुद्र में साहस की गाथा : भारतीय नौसेना ने मौत के मुंह से निकाले 14 नाविक

नई दिल्ली ,ओमान की खाड़ी में मिशन पर तैनात भारतीय नौसेना के युद्धपोत आईएनएस तबर ने बहादुरी का परिचय देते हुए एक संकटग्रस्त जहाज के चालक दल को बचाया। भारतीय नौसेना को एमटी यी चेंग 6 नामक जहाज से संकट की सूचना मिली, जिसके बाद युद्धपोत ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आग बुझाने का काम शुरू कर दिया। जानकारी के अनुसार, पुलाऊका ध्वज लगा हुआ एमटी यी चेंग 6 गुजरात के कांडला से ओमान के शिनस जा रहा था। रविवार को जहाज ने इंजन रूम में आग लगने और बिजली गुल होने की सूचना दी। जहाज पर सवार 14 भारतीय चालक दल के सदस्यों की जान खतरे में थी। भारतीय नौसेना के प्रवक्ता ने ट्वीट कर इस घटना की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि ओमान की खाड़ी में तैनात स्टील्थ फ्रिगेट आईएनएस तबर ने 29 जून को एमटी यी चेंग 6 से संकट कॉल का जवाब दिया।

---

# भूकंप के झटकों से हिला नेपाल, 3.9 रही तीव्रता

काठमांडू ,नेपाल में सोमवार को भूकंप के तेज झटके महसूस किए गए हैं। रिक्टर स्केल पर भूकंप की तीव्रता 3.9 थी। अचानक आए भूकंप के कारण लोग अपने घरों से बाहर निकल आए। हालांकि, अभी तक जानमाल के नुकसान की कोई खबर नहीं है। नेशनल सेंटर फॉर सीस्मोलॉजी के अनुसार, 30 जून 2025 को सुबह 8:24 बजे (भारतीय समयानुसार) नेपाल में भूकंप के झटके महसूस किए गए। इस भूकंप की तीव्रता रिक्टर स्केल पर 3.9 थी। इसका केंद्र 29.24 उत्तरी अक्षांश और 81.77 पूर्वी देशांतर पर जमीन से 14 किलोमीटर की गहराई पर था। इससे पहले, 29 जून को दोपहर 2:19 बजे (भारतीय समयानुसार) नेपाल में भूकंप के झटके महसूस किए गए थे। इस भूकंप की तीव्रता रिक्टर स्केल पर 4.2 थी। इसका केंद्र 29.35 उत्तरी अक्षांश और 81.94 पूर्वी देशांतर पर जमीन से 10 किलोमीटर की गहराई पर था। हालांकि, भूकंप के कारण जानमाल का नुकसान नहीं हुआ। नेपाल के पड़ोसी देश तिब्बत में 23 मई की सुबह भूकंप के झटके महसूस किए गए थे। भारतीय समयानुसार भूकंप 9 बजकर 27 मिनट और 27 सेकंड पर आया था। रिक्टर स्केल पर इसकी तीव्रता 4.2 मापी गई। इसकी गहराई 20 किलोमीटर थी। हालांकि, इससे किसी भी तरह के नुकसान की कोई खबर नहीं थी। बता दें कि नेपाल भारतीय और यूरेशियन टेक्टोनिक प्लेटों के बीच स्थित है, जिसके कारण यह भूकंप के लिए अत्यधिक संवेदनशील है। 2015 में गोरखा में आए 7.8 तीव्रता के भूकंप ने 8 हजार से अधिक लोगों की जान ले ली और लाखों लोग बेघर हो गए थे। नेपाल में हर साल औसतन छोटे–मध्यम के कई भूकंप आते हैं।

---

**अब आसमान से होगी दुश्मनों पर नज़र!**

# भारत लॉन्च करेगा 52 सैटेलाइट, पाक—चीन की बढ़ेगी टेंशन!

नई दिल्ली , ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के बाद भारत अपनी सैन्य ताकत को और मजबूत करने की दिशा में तेजी से बढ़ रहा है। देश एक या दो नहीं, बल्कि 52 सैटेलाइट लॉन्च करने की तैयारी में जुट गया है। ये सभी सैटेलाइट विशेष रूप से सेना के लिए काम करेंगी, जिससे पाकिस्तान समेत दुश्मन देशों के हर कोने पर कड़ी निगरानी रखी जा सकेगी। इसके अतिरिक्त, सेना के लिए एक विशेष स्पेस डॉक्ट्रिन को अंतिम रूप देने की प्रक्रिया भी चल रही है। गौरतलब है कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारत ने अपने सैटेलाइट सिस्टम की मदद से पाकिस्तान के कई सैन्य



ठिकानों की सफलतापूर्वक निगरानी की थी, जिससे सेना को सटीक निशाना साधने में काफी मदद मिली थी। भारत द्वारा यह सैटेलाइट लॉन्च 'स्पेस बेस्ड सर्विलांस प्रोग्रामझ् (एसबीएस) के तीसरे चरण का हिस्सा है। इस कार्यक्रम को पिछले साल अक्टूबर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता वाली सुरक्षा कैबिनेट कमेटी ने मंजूरी दी थी। इसकी कुल लागत 26,968 करोड़ रुपये है। इस परियोजना के तहत भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) 21 सैटेलाइट लॉन्च करेगा, जबकि शेष 31 सैटेलाइट निजी कंपनियों द्वारा लॉन्च किए जाएंगे। पहली दो सैटेलाइट अगले साल अप्रैल में लॉन्च की जाएंगी, और 2029 के अंत तक सभी 52 सैटेलाइट को तैनात कर दिया जाएगा।

---

### कपड़े सुखा रही महिला को छत पर लगा करंट, मौत

हल्द्वानी। उधमसिंह नगर के सितारगंज में छत पर कपड़े सुखा रही एक महिला झूलते तारों की चपेट में आकर करंट से झुलस गई। तत्काल महिला को हल्द्वानी लाया गया। यहां अस्पताल में महिला ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। पुलिस ने पोस्टमार्टम कराने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया है। जानकारी के मुताबिक बालाजी एक्शन सितारगंज निवासी 40 वर्षीय नाजमी पत्नी मतीन अली रविवार को बारिश रुकने के बाद छत पर कपड़े सुखाने के लिए गई थी। बताया जा रहा है कि इसी दौरान नाजमी छत के ऊपर से गुजर रही बिजली की लाइन की चपेट में आ गई। छत गीला होने के कारण करंट तेजी से लगा। चीख पुकार सुनकर परिजन छत पर पहुंचे तो देखा कि नाजमी बेहोश पड़ी थी।

---

# कोलकाता गैंगरेप केस : टीएमसी ने मदन मित्रा को थमाया कारण बताओ नोटिस

कोलकाता, कोलकाता के लॉ कॉलेज गैंगरेप मामले पर विवादित बयान को लेकर घिरे टीएमसी नेता मदन मित्रा की मुश्किलें थमती नजर नहीं आ रही हैं। टीएमसी ने मदन मित्रा को कारण बताओ नोटिस जारी किया और कहा कि उनका यह बयान पार्टी के कठोर रुख के खिलाफ है। पश्चिम बंगाल के तृणमूल कांग्रेस अध्यक्ष सुब्रत बख्शी ने कहा, कोलकाता शहर में एक लॉ स्टूडेंट के साथ बहुत ही जघन्य और अत्यंत दुखद घटना घटी है। पार्टी के शीर्ष नेतृत्व ने दुखद और क्रूर यातना की इस अत्यंत संवेदनशील घटना पर दुख व्यक्त किया और इस घटना की कड़ी निंदा की है। प्रशासन आवश्यक कार्रवाई कर रहा है और दोषियों की त्वरित पहचान कर उन्हें गिरफ्तार किया गया है।




सुब्रत बख्शी ने मदन मित्रा को कारण बताओ नोटिस जारी करते हुए आगे कहा, इस मामले में 28 जून 2025 को आपके (मदन मित्रा) द्वारा किया गया अनुचित, अनावश्यक और असंवेदनशील बयान पार्टी की छवि को गंभीर रूप से नुकसान पहुंचाने वाला है। साथ ही, आपका यह बयान पार्टी के कठोर रुख के खिलाफ है। पार्टी अनुशासन भंग करने के इस व्यवहार के लिए आपको अगले तीन दिनों के भीतर कारण बताने का निर्देश दिया जाता है।

बता दें कि टीएमसी नेता मदन मित्रा ने कोलकाता के कॉलेज परिसर में एक लॉ स्टूडेंट के साथ कथित बलात्कार पर विवादास्पद टिप्पणी की थी। मित्रा ने अपने बयान में दावा किया कि बलात्कार की घटना ने सभी लड़कियों को यह संदेश दिया है कि उन्हें कॉलेज बंद होने पर कॉलेज नहीं जाना चाहिए। हालांकि, पार्टी ने मदन मित्रा के इस बयान की निंदा की और कहा, ये विचार किसी भी तरह से पार्टी की स्थिति को नहीं दर्शाते हैं।

# सम्पादकीय

## आपदा तंत्र में जीरो टॉलरेंस

उत्तराखंड राज्य इन दोनों भारी बारिश के कारण आपदा की चुनौतियों से जूझ रहा है। राज्य सरकार ने गुड गवर्नेंस एवं जीरो टॉलरेंस के तहत राज्य के नागरिकों की सुरक्षा के लिए व्यापक व्यवस्थाएं की है इसके लिए सभी विभागों को आपसी समन्वय से कार्य करने के निर्देश सीधे तौर पर मुख्यमंत्री स्तर पर दिए गए हैं।राज्य में "गुड गवर्नेंस" को लेकर राज्य सरकार युद्ध स्तर पर कार्य कर रही है। खास तौर पर चार धाम यात्रा और प्रदेश आपदा राहत कार्यों की दृष्टि से व्यवस्थाओं को चाक चौबंद रखने के आदेश तो दिए की ही गए हैं लेकिन साथ ही यह भी स्पष्ट किया गया है कि किसी भी प्रकार की लापरवाही पर रहम की कोई उम्मीद नहीं है। इसी का परिणाम है कि प्रदेश का पूरा अमला इस समय दौड़ता हुआ नजर आ रहा है। उत्तराखंड में चार धाम यात्रा के आयोजन पर सरकार का प्राथमिकता पर फोकस रहा है लेकिन इधर भारी बरसात के बाद चार धाम यात्रा का आयोजन चुनौतियों से भर गया है जिसके लिए राज्य सरकार कमर कस के खड़ी है। इस बार चार धाम यात्रा में गत वर्ष की अपेक्षा श्रद्धालुओं की संख्या रिकॉर्ड स्तर पर पहुंचने की उम्मीद की गई थी लेकिन मई के महीने से ही बरसात शुरू हो जाने के कारण वह तेजी नजर नहीं आई जिसकी उम्मीद की जा रही थी। हालांकि बावजूद इसके जिस प्रकार के प्रबंध इस बार दिखाई दिए वह काफी सराहनीय रहे हैं। मुख्यमंत्री आपदा राहत व्यवस्थाओं को लेकर पूरी तरह से एक्शन मोड में है और किसी भी प्रकार की लापरवाही को लेकर उन्होंने कार्रवाई करने के अपने मंसूबे तमाम विभागों तक पहुंचा दिए हैं। यही नहीं प्रदेश में जगह–जगह चल रहे निर्माण कार्यों को समय से पूरा करने में लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों व निर्माण एजेंसियां के साथ–साथ टेंडर लेने वाली निजी कंपनियां भी सरकार के निशाने पर हैं। राजधानी देहरादून में तो निर्माण कार्यों में शिथिलता बरतने वाली कुछ कंपनियों को जिलाधिकारी द्वारा काली सूची में भी डाला गया है इसके बाद एक कंपनियों के कान खड़े हो गए हैं और दिन के बजाय रात को कार्यों में तेजी नजर आने लगी है। स्पष्ट है कि अब तक जो लापरवाही देखने को मिल रही थी उसे सरकार ने अपनी "जीरो टॉलरेंस" नीति के तहत रखते हुए कड़ा रवैया अपना लिया है। राज्य में जगह–जगह भारी बारिश की कारण भूस्खलन एवं सड़कों के टूटने की सूचना आ रही है तो वहीं कुछ स्थानों पर भारी बरसात के कारण कुछ मकान भी टूट गए हैं। राज्य के नागरिकों एवं यात्रियों की सुरक्षा के लिए सरकार की पूरी मशीनरी जमीन पर उतर आई है। मुख्यमंत्री स्पष्ट कर चुके हैं कि सबसे पहले नागरिकों की सुरक्षा है और इसी के तहत राज्य में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर एसडीआरएफ एवं राज्य पुलिस भी सतर्क और सजग है। चारधाम यात्रा के दृष्टिगत यातायात प्रबंधन और सड़कों की स्थिति का सुदृढ़ रहना जरूरी है, लेकिन बारिश के कारण कई स्थानों पर मलवा गिरने से सड़क अवरुद्ध है जिनके लिए अलग से व्यवस्था कर इन्हें आवागमन हेतु सुचारु किया गया है। विषम भौगोलिक परिस्थितियों होने के कारण उत्तराखंड हमेशा से ही प्राकृतिक विपदाओं का शिकार बनता आया है लेकिन प्रदेश की इन्हीं विषम स्थितियों के अनुरूप ही राज्य सरकार ने सुरक्षात्मक व्यवस्थाएं भी अमल में लाने की पूरी कोशिश की है।

# युद्ध से युद्ध का अंत नहीं होता

**इजरायल का स्पष्ट कहना है कि उसने हमास पर लगाम लगाने के लिए यह व्यवस्था की है, जबकि संयुक्त राष्ट्र ने इस नवीन व्यवस्था को यह कह कर नकार दिया है कि इसके कारण गाजा में व्याप्त भुखमरी के संकट का समाधान नहीं किया जा सकेगा और इजरायल इस सहायता वितरण केंद्र को एक हथियार के रूप में इस्तेमाल करेगा। इजरायली सेना के प्रवक्ता एफी डिफ्रिन का कहना है, 'हमास ने हताहतों की संख्या बहुत बढ़ा–चढ़ा कर बताई हैइ इजरायल सुरक्षा बल (आईडीएफ) और इजरायल सुरक्षा एजेंसी ने घोषणा की कि उन्होंने 36 वर्षीय एक थाई नागरिक नट्टपोंग पिंटा का शव बरामद किया है, जिसे 7 अक्टूबर के हमले के दौरान मुजाहिदीन ब्रिगेड ने अगवा कर लिया था। उस बीच हमास की सशस्त्र शाखा अल कस्साम ब्रिगेड ने दावा किया कि इजरायली सेना गाजा में एक विशेष स्थान की घेराबंदी कर रही है, जहां इजरायली बंधक को रखा गया है और जिसकी पहचान प्रवक्ता अब्बू ओबेदा ने मतन जंगाउकर के रूप में की है।**


**डॉ. एस.के. मिश्र**

हाल में 10 जून को मध्य गाजा में अमेरिका समर्थित एक मानवीय समूह द्वारा संचालित सहायता वितरण स्थल पर हजारों विस्थापित लोगों के पंहुचने के दौरान इजरायली गोलाबारी से कम से कम 17 फिलिस्तीनी मारे गए तथा दर्जनों घायल हो गए।

उल्लेखनीय है कि इजरायली सैन्य क्षेत्र के अंदर स्थित इजरायल और अमेरिका समर्थित 'गाजा ह्यूमैनिटेरियन फाउंडेशनइ के सहायता वितरण केंद्र पर लगभग प्रत्येक दिन गोलीबारी की घटना घटित हो रही है।

इजरायल का स्पष्ट कहना है कि उसने हमास पर लगाम लगाने के लिए यह व्यवस्था की है, जबकि संयुक्त राष्ट्र ने इस नवीन व्यवस्था को यह कह कर नकार दिया है कि इसके कारण गाजा में व्याप्त भुखमरी के संकट का समाधान नहीं किया जा सकेगा और इजरायल इस सहायता वितरण केंद्र को एक हथियार के रूप में इस्तेमाल करेगा। इजरायली सेना के प्रवक्ता एफी डिफ्रिन का कहना है, 'हमास ने हताहतों की संख्या बहुत बढ़ा–चढ़ा कर बताई हैइ इजरायल सुरक्षा बल (आईडीएफ) और इजरायल सुरक्षा एजेंसी ने घोषणा की कि उन्होंने 36 वर्षीय एक थाई नागरिक नट्टपोंग पिंटा का शव बरामद किया है, जिसे 7 अक्टूबर के हमले के दौरान मुजाहिदीन ब्रिगेड ने अगवा कर लिया था। उस बीच हमास की सशस्त्र शाखा अल कस्साम ब्रिगेड ने दावा किया कि इजरायली सेना गाजा में एक विशेष स्थान की घेराबंदी कर रही है, जहां इजरायली बंधक को रखा गया है और जिसकी पहचान प्रवक्ता अब्बू ओबेदा ने मतन जंगाउकर के रूप में की है।

इधर अबू ओबेदा ने चेतावनी दी कि दुश्मन उसे जिंदा नहीं पकड़ सकेगा। इजरायल ने इस दावे पर अपनी प्रतिक्रिया नहीं दी है। इजरायल का मानना है कि उसके सैन्य अभियान बड़ी सतर्कता से चलाए जा रहे हैं। इजरायली सेना ने 9 जून की सुबह गाजा में मानवीय सहायता पहुंचाने के किए जा रहे एक जलयान को जब्त कर लिया और उसमें सवार सामाजिक कार्यकर्ता स्वीडन निवासी ग्रेटा थनवर्ग तथा अन्य जलवायु कार्यकत्ताओं को हिरासत में ले लिया। वास्तव में ये कार्यकर्ता गाजा पट्टी में जारी इजरायल के



सैन्य अभियान का विरोध करने वाले थे, क्योंकि मानवीय सहायता के प्रवेश पर इजरायल द्वारा प्रतिबंधों के कारण 20 लाख फिलिस्तानी आबादी वाले क्षेत्र में अकाल की स्थिति पैदा होने का संकट खड़ा हो गया है।

ग्रेटा थनबर्ग गाजा ले रही सहायता सामग्री वाले 'मैडलीनइ नामक जहाज पर सवार 12 यात्रियों में से एक थीं। वास्तव में 'फ्रीडम फ्लोटिला कोलिशनइ नामक संगठन गाजा पट्टी क्षेत्र में मानवीय मूल्यों की सुरक्षा हेतु सहायता द्वारा पहुंचाने और इजरायल द्वारा की गई घेरेबंदी तथा युद्ध के दौरान उसके आचरण अथवा व्यवहार का विरोध करने और फिलिस्तानियों तक राहत सामग्री की आपूर्ति करने के लिए ही इस यात्रा का विशेष आयोजन किया गया था। इस संगठन के अनुसार इजरायली नौ सेना ने जलयान को गाजा से लगभग 200 किमी. की दूरी पर अंतरराष्ट्रीय जल क्षेत्र में जब्त कर लिया। 'फ्रीडम फ्लोटिला कोलिशनइ सहित अन्य अनेक अधिकार समूहों ने इजरायल की इस कार्रवाई को अंतरराष्ट्रीय कानून व नियमों का उल्लंघन करार दिया।

दूसरी ओर, इजरायल ने इन आरोपों को नकारते हुए कहा कि इस प्रकार के जलयान गाजा में उसकी नौ सैनिक नाकाबंदी का उल्लंघन करते हैं। इजरायल के विदेश मंत्रालय के अनुसार, इस्त्रसल की नौ सेना के साथ गिरफ्त में लेकर अपने आदोह बंदरगाह लाया गया। इजरायल में ग्रेटा और अन्य कार्यकर्त्ताओं का प्रतिनिधित्व करने वाले कानूनी अधिकार समूह अदाला के अनुसार ग्रेटा थनबर्ग, दो अन्य कार्यकर्ता और एक पत्रकार भी स्वयं ही इजरायल छोड़ने के लिए सहमत हो गए हैं। इजरायल के विदो मंत्रालय ने सामाजिक कार्यकर्ताओं की इस यात्रा को 'जनसंपर्क का हथकंडाइ बताया। इजरायल नौ सेना के सैनिकों द्वारा सामाजिक कार्यकर्ताओं को आवश्यक जलपान की व्यवस्था भी की गई। वास्तव में इस संगठन का प्रमुख उद्देश्य विश्व नेताओं पर फिलिस्तीनी क्षेत्र में इजरायल के नरसंहार युद्ध को समाप्त करने के लिए दबाव डालना ही है। हमास के कब्जे के जवाब में इजरायल द्वारा गाजा में बाहरी लोगों एवं उनके द्वारा आपूर्ति किए जाने वाली सामग्री के प्रवाह को पूरी सख्ती के साथ प्रतिबंधित कर दिया गया है। एक जानकारी के अनुसार गाजा के लगभग 70 प्रतिशत कर्मचारी बेरोजगार हो गए या उन्हें वेतन नहीं मिला तथा लगभग 80 प्रतिशत निवासी अपना जीवनयापन दयनीय स्थिति में कर रहे हैं।

हमास के कब्जे के बाद से गाजा और इजरायल में फिलिस्तानी सशस्त्र समूहों में टकराव अनवरत जारी है। हमास गाजा में प्रतिद्वंद्वी इस्लामवादी गुटों के साथ भी संघर्ष में आया है, जो सलाफी–जिहादवाद का पालन करते हैं। ब्रिटेन के कब्जे वाले पश्चिमी तट में 'फिलिस्तानी समुदायइ के विरुद्ध बार–बार हिंसा भड़काने के आरोप में दो अति दक्षिणपंथी इजरायली मंत्रियों पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। विदेश सचिव द्वारा घोषित उपायों के तहत इतामार बेन–ग्वीर और बेजालेल स्मोत्रिच को ब्रिटेन में प्रवेश करने पर प्रतिबंध लगा दिया जाएगा तथा ब्रिटेन में उनकी संपत्तियां जब्त कर ली जाएंगी। यह संयुक्त कदम ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड, नार्वे और कनाडा द्वारा उठाया गया है। इसके जवाब में इजरायल ने कहा 'यह अपमानजनक है कि निर्वाचित प्रतिनिधियों और सरकार के सदस्यों पर इस प्रकार के उपाय लागू किए जा रहे हैं इ

यह भी कहा जा रहा है कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भी नेतान्याहू से गाजा युद्ध समाप्त करने को कहा है, तथा ईरान पर हमला करने को फिलहाल प्रतिबंधित कर दिया है। निःसंदेह गाजा में फिलिस्तीनी इजरायल–हमास युद्ध का दंश झेल रहे हैं। फिलिस्तीनियों पर इजरायली सेना द्वारा अनवरत गोलाबारी जारी रखने के कारण गाजा में गाज गिर चुकी है और मानवता त्राहि–त्राहि चिल्लाने लगी है। सर्वविदित है कि युद्ध से युद्ध का अंत नहीं होता और आधुनिक युग का युद्ध लड़ाई के मैदान तक सीमित नहीं रहता।

प्रत्येक युद्ध विगत युद्ध से भयंकर होता है। युद्ध के घातक व विनाशक स्वरूप के कारण आज मानवीय मूल्यों की सुरक्षा हेतु एवं विश्व शांति बनाए रखने के लिए निरंतर प्रयास जरूरी हैं। यह मानव की उत्तरजीविता केलिए अत्यंत गंभीर प्रश्न है।

# युद्ध की भूमिका बना रहे आतंकी

**मणिपुर पुलिस, सीआरपीएफ, सेना व असम राइफल्स की संयुक्त टीम ने विस्फोटकों व अन्य युद्ध सामग्री बरामद की। इसमें 151 एसएलआर राइफलें, 65 इंसास राइफलें, 73 अन्य प्रकार की राइफलें, बारह हल्की मशीन गनें, पांच कार्बाइन गन, दो एमपी–5 गन, छह एके सीरीज राइफलें, दो अमोघ राइफल, एक मोर्टार, छह पिस्तौलें, दो फ्लेयर बंदूकें, दस ग्रेनेड, सात डेटोनेटर व एक एआर–15 समेत कुल 328 बंदूकें व राइफलें बरामद कीं। यह खुफिया ऑप्रेशन मणिपुर में समान्य स्थिति बहाल करने, सार्वजनिक व्यवस्था कायम करने, नागरिकों व उनकी संपत्ति की सुरक्षा सुनिश्चित करने के प्रयासों के लिहाज से किया गया।**

मणिपुर में सुरक्षा बलों ने पांच घाटी जिलों में छापामारी कर तीन सौ राइफलें व अन्य हथियार बरामद किए। इसके साथ ही जबरन वसूली करने वाले प्रतिबंधित संगठनों के पांच उग्रवादियों को भी गिरफ्तार किया।

मणिपुर पुलिस, सीआरपीएफ, सेना व असम राइफल्स की संयुक्त टीम ने विस्फोटकों व अन्य युद्ध सामग्री बरामद की। इसमें 151 एसएलआर राइफलें, 65 इंसास राइफलें, 73 अन्य प्रकार की राइफलें, बारह हल्की मशीन गनें, पांच कार्बाइन गन, दो एमपी–5 गन, छह एके सीरीज राइफलें, दो अमोघ राइफल, एक मोर्टार, छह पिस्तौलें, दो फ्लेयर बंदूकें, दस ग्रेनेड, सात डेटोनेटर व एक एआर–15 समेत कुल 328 बंदूकें व राइफलें बरामद कीं।

यह खुफिया ऑप्रेशन मणिपुर में समान्य स्थिति बहाल करने, सार्वजनिक व्यवस्था कायम करने, नागरिकों व उनकी संपत्ति की सुरक्षा सुनिश्चित करने के प्रयासों के लिहाज से किया गया।

राज्य की पुलिस ने आम जनता से व्यवस्था बनाए रखने के लिए अपील की है कि वे सतर्क रहें और किसी भी संदिग्ध गतिविधि या अवैध हथियारों से जुड़ी सूचना तत्काल नजदीकी पुलस स्टेशन या केंद्रीय निरीक्षण केंद्र को राज्य में सामान्य देने की अपील की है। जब्त किया गया जखीरा देख कर कहा जा सकता है कि आतंकी युद्ध की भूमिका बना रहे हैं।

उनका असल मकसद कुकी व मैतई विद्रोह के बीच फायदा उठाकर राज्य में अमन–चैन तबाह करना है। राज्य की सार्वजनिक व्यवस्था सुचारू बनाने व सामान्य स्थिति बहाल करने के सरकारी प्रयास जारी हैं। लंबे अरसे से संघर्षरत राज्य में आम जन–जीवन बुरी तरह प्रभावित है। बड़ी संख्या में लोग पड़ोसी राज्यों में पलायन कर चुके हैं। रोजगार व आमदनी के साधन चरमरा चुके हैं। घर, दुकान, प्रतिष्ठानों कों बहुत क्षति पहुंची है।

इतनी बड़ी संख्या में हथियारों की बरामदगी आतंकियों/ उपद्रवियों के इरादों की द्योतक है। मगर सवाल यह भी है कि चाक–चौबंद सुरक्षा–व्यवस्था व मुस्तैदी के दरम्यान ये अवैध हथियार कैसे राज्य की सीमा के भीतर पहुंच रहे हैं। सीमाओं पर सख्ती के अतिरिक्त घाटी वाले इलाकों पर सतर्कता जरूरी है। राजनीति से इतर इस संघर्ष को रोकने के तत्काल प्रयास बेहद जरूरी हैं। केंद्र द्वारा की जाने वाली उपेक्षा को लेकर पूर्वोत्तर राज्य हमेशा त्योरियां चढाये रहते हैं। इस पर विचार किया जाना चाहिए। इन छोटे राज्यों के विकास और स्थानीय युवाओं को राजगार देने जैसी मूल दिक्कतों का निस्तारण करने में लापरवाही हमेशा नकारात्मक नतीजे ही देने वाली साबित होगी।

# रक्षामंत्री का सही कदम, चीन–पाक गठजोड़ का किया पर्दाफाश

**मीनाक्षी रावत**

शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) की बैठक में रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने चीन और पाकिस्तान की धूर्ततापूर्ण मिलीभगत का पर्दाफाश करते हुए साझा बयान पर हस्ताक्षर करने से साफ इनकार कर दिया। इस वजह से यह बैठक संयुक्त बयान जारी किए बगैर ही समाप्त हो गई। यह साझा बयान असंतुलित व आधा–अधूरा था जिसमें बलूचिस्तान में आतंकवादी गतिविधियों का उल्लेख था लेकिन पहलगाम के नीचतापूर्ण आतंकी हमले में 26 निदोष लोगों की निर्मम हत्या का कोई जिक्र नहीं था।

चीन और पाकिस्तान ने अपनी सुविधा से यह बयान तैयार करवाया था क्योंकि बलूचिस्तान में चीन ग्वादर बंदरगाह का निर्माण करने में लगा है और वहां कार्यरत चीनियों की सुरक्षा की उसे फिक्र है। बलूच जनता पाकिस्तान से अपनी आजादी के लिए संघर्ष कर रही है। मानवाधिकारों को रौंदकर पाकिस्तानी सेना बलूचों पर अमानुषिक अत्याचार कर रही है। बुजुर्ग बलूच नेता बादशाह बुगती की हत्या के बाद सैकड़ों लोगों का अपहरण कर यातना देने वाला पाकिस्तान बलूचों को आतंकी बता रहा है। शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) का मकसद आतंकवाद जैसे मुद्दों पर साझा रणनीति बनाना है लेकिन बयान में स्पष्ट नहीं है कि वह क्या हासिल करना चाहता है। साझा बयान में सभी सदस्य देशों की सहमति व हस्ताक्षर जरूरी होते हैं।

इस संगठन में भारत, चीन और पाकिस्तान के अलावा रूस, ईरान, कजाकिस्तान, तजाकिस्तान, उजबेकिस्तान व बेलारूस का समावेश है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने पाकिस्तान पर निशाना साधते हुए कहा कि अपने संकीर्ण व स्वार्थी उद्देश्यों के लिए आतंकवाद को प्रायोजित, पोषित व इस्तेमाल करनेवालों को इसके गंभीर नतीजे भुगतने पड़ेंगे। आतंकवाद से निपटने में दोहरे मानदंडों के लिए कोई स्थान नहीं होना चाहिए। इस तरह का डबल स्टैंडर्ड अपनानेवाले देशों की आलोचना करने में एससीओ को कोई संकोच नहीं करना चाहिए। दक्षिण एशिया की परिस्थितियों के बारे में सिंह ने कहा कि शांति–समृद्धि और आतंकवाद एक साथ नहीं चल सकते।

# राणा नायडू सीजन 2 में बोल्ड और इंटिमेट सीन कहानी के लिए जरूरी : अदिति शेट्टी





एक्ट्रेस अदिति शेट्टी ने राणा नायडू सीजन 2 में अपने बोल्ड और इंटिमेट सीन के बारे में बात की। उन्होंने कहा कि ये सीन कहानी और उनके किरदार को बेहतर तरीके से समझाने के लिए जरूरी थे। अदिति शेट्टी ने कहा कि नए सीजन में बहुत कम बोल्ड सीन हैं और जो भी सीन हैं, उन्हें बहुत सोच–समझकर फिल्माया गया है। ये सीन कहानी के लिए जरूरी थे और उनके किरदार को बेहतर तरीके से समझने में मदद करते हैं। अदिति ने कहा, सीजन 2 में वास्तव में बहुत कम बोल्ड सीन हैं और वे भी सावधानी से शूट किए गए हैं। ये सीन कहानी के लिए जरूरी थे और मेरे किरदार के सफर के लिए यह मायने रखते हैं। कुछ भी बेकार नहीं था, हमने जो भी किया, उसका उद्देश्य और गहराई थी। अदिति शेट्टी ने बताया कि उन्होंने राणा नायडू सीजन 2 में काम करने के लिए हां क्यों कहा। उन्होंने कहा, इसके कई कारण थे। मैंने पहले भी मिर्जापुर में निर्देशकों के साथ काम किया था, और मैं पहले से ही राणा नायडू सीजन 1 की बड़ी फैन थी। जब मुझे इस किरदार के बारे में पता चला, तो मैं काफी उत्साहित हुई। मेरा किरदार बहुत दिलचस्प है और कहानी के लिए अहम है।

# ललित मोदी को सुप्रीम कोर्ट से झटका, बीसीसीआई से जुड़ी याचिका खारिज



नई दिल्ली,सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को पूर्व क्रिकेट प्रशासक ललित मोदी द्वारा दायर उस याचिका को खारिज कर दिया, जिसमें उन्होंने आइपीएल के 2009 के सत्र से जुड़े विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम (फेमा) के उल्लंघन के लिए ईडी द्वारा उन पर लगाया गया 10.65 करोड़ रुपये का जुर्माना भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) को भुगतान करने का आदेश देने की मांग की थी। हालांकि जस्टिस पीएस नरसिम्हा और जस्टिस आर महादेवन की पीठ ने जुर्माने के खिलाफ राहत पाने के लिए ललित को सिविल अदालत में जाने की छूट प्रदान कर दी। पिछले वर्ष 19 दिसंबर को बांबे हाई कोर्ट ने ललित मोदी पर एक लाख रुपये का जुर्माना लगाया था, जब उन्होंने बीसीसीआई को 10.65 करोड़ रुपये का जुर्माना भुगतान करने का आदेश देने की याचिका दायर की थी। हाई कोर्ट ने कहा था कि यह याचिका निरर्थक और पूरी तरह से औचित्यहीन है। कोर्ट ने कहा था कि फेमा के तहत निर्णय लेने वाले प्राधिकरण ने मोदी पर जुर्माना लगाया है, उन्हें ही भुगतान करना होगा। मोदी ने अपनी याचिका में कहा था कि उन्हें बीसीसीआई उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया था, उस दौरान वह आईपीएल की संचालन समिति के अध्यक्ष भी थे। याचिका में दावा किया गया था कि नियमानुसार बीसीसीआई को उनका मुआवजा देना चाहिए।

ललित मोदी ने शुरू किया था आईपीएल

ललित मोदी वो शख्स हैं जिन्होंने आईपीएल की नींव रखी थी। ये उनका का विचार था जिसे उन्होंने साकार किया। साल 2008 में वह आईपीएल लेकर आए और पूरी दुनिया में तहलका मचा दिया। आज ये लीग दुनिया की सबसे बड़ी क्रिकेट लीग है और दुनिया का हर क्रिकेटर इस लीग में खेलना चाहता है। हालांकि, बाद में ललित मोदी और बीसीसीआई में अनबन हो गई जिसके चलते वह इस लीग से दूर हो गए। ललित मोदी वो शख्स हैं जिन्होंने आईपीएल की नींव रखी थी। ये उनका का विचार था जिसे उन्होंने साकार किया। साल 2008 में वह आईपीएल लेकर आए और पूरी दुनिया में तहलका मचा दिया। आज ये लीग दुनिया की सबसे बड़ी क्रिकेट लीग है और दुनिया का हर क्रिकेटर इस लीग में खेलना चाहता है। हालांकि, बाद में ललित मोदी और बीसीसीआई में अनबन हो गई जिसके चलते वह इस लीग से दूर हो गए।

# ग्रीन बिकिनी में एली अवराम ने गिराई बिजली, सोशल मीडिया पर मचा तहलका





बॉलीवुड एक्ट्रेस एली अवराम ने अपने लेटेस्ट बोल्ड फोटोशूट से इंटरनेट पर सनसनी मचा दी है. एक्ट्रेस ने इंस्टाग्राम पर कुछ स्टनिंग तस्वीरें शेयर की हैं, जिनमें वह ग्रीन बिकिनी में समुद्र किनारे बेहद ग्लैमरस अंदाज़ में पोज़ देती नजर आ रही हैं. खुले बाल, नो–मेकअप लुक और नेचुरल बैकड्रॉप के साथ एली का यह स्टाइलिश अंदाज फैंस को दीवाना बना रहा है. तस्वीरों के साथ उन्होंने कैप्शन में इमोजी का इस्तेमाल करते हुए वेकेशन मूड को जाहिर किया है. फोटो क्रेडिट उन्होंने निखिल शेनॉय फोटो को दिया है, जिन्होंने इस हॉट फोटोशूट को कैप्चर किया है. फोटोज़ में एली का कॉन्फिडेंस और कैमरा के प्रति उनका कम्फर्ट लेवल साफ नजर आता है. यूज़र्स ने कमेंट सेक्शन में उन्हें सो हॉट, समुद्र तटों की रानी और लुभावनी जैसे कमेंट्स दिए हैं. पोस्ट को अब तक 80 हजार से ज्यादा लाइक्स मिल चुके हैं और ये आंकड़ा तेजी से बढ़ रहा है.

## मेट्रो... इन दिनों का नया गाना मन ये मेरा जारी

जाने–माने निर्देशक अनुराग बसु अब फिल्म मेट्रो... इन दिनों लेकर आ रहे हैं। उनकी इस फिल्म का इंतजार दर्शक लंबे समय से कर रहे हैं। इस फिल्म में सारा अली खान और आदित्य रॉय कपूर की जोड़ी नजर आएगी और यह पहला मौका होगा, जब ये दोनों कलाकार पर्दे पर साथ दिखाई देंगे। अब निर्माताओं ने मेट्रो... इन दिनों का नया गाना मन ये मेरा जारी कर दिया है, जिसे विशाल मिश्रा ने अपनी आवाज दी है।

मेट्रो... इन दिनों एक मल्टीस्टारर फिल्म है, जिसमें सारा और आदित्य के अलावा नीना गुप्ता, पंकज त्रिपाठी, कोंकणा सेन, अनुपम खेर, अली फजल और फातिमा सना शेख जैसे कलाकार भी नजर आएंगे।

# एजबेस्टन टेस्ट के लिए उपलब्ध हैं बुमराह, असिस्टेंट कोच ने लगाई मुहर

नई दिल्ली। इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट से पहले भारतीय टीम के लिए अच्छी खबर सामने आई। असिस्टेंट कोच रयान टेन डोशेट ने पुष्टि की कि प्रमुख तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह सिलेक्शन के लिए उपलब्ध हैं। हालांकि टीम मैनेजमेंट ने 2 जुलाई से शुरू होने वाले एजबेस्टन टेस्ट में उनकी भागीदारी पर अभी तक अंतिम फैसला नहीं किया है।

**3 टेस्ट खेलेंगे बुमराह**

टेन डोशेट ने कहा, "वह खेल के लिए उपलब्ध है। हम शुरू से ही जानते हैं कि वह पांच में से केवल तीन मैच ही खेलेंगे। जाहिर है कि पिछले टेस्ट से उबरने के लिए उसके पास आठ दिन हैं। लेकिन कंडीशन, वर्कलोड और हमें लगता है कि हम अगले चार मैचों के लिए सबसे अच्छा मैनेजमेंट कैसे कर सकते हैं, इसे देखते हुए हमने इस पर कोई फैसला नहीं किया है।"

**2 जुलाई से शुरू होगा टेस्ट**




बुमराह को इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट से पहले भारत के टेनिंग सेशन के दौरान पूरे जोश के साथ गेंदबाजी करते हुए भी देखा गया।

दूसरा टेस्ट 2 जुलाई को हेडिंग्ले, लीड्स में शुरू होगा। इस तेज गेंदबाज के एक्शन के वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गए हैं, जिससे अटकलें लगाई जा रही हैं कि वह इस अहम मुकाबले के लिए प्लेइंग इलेवन में वापसी कर सकते हैं।

## एक नजर

### लालढांग-चिल्लरखाल मोटर मार्ग भी बंद

जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार : क्षेत्र में हो रही बारिश के बाद लालढांग-चिल्लरखाल मोटर मार्ग भी जगह-जगह क्षतिग्रस्त हो चुका है। मार्ग पर नदियों का जल स्तर बढ़ चुका है। लोगों को कई किलोमीटर दूर यूपी के नहर वाले रास्ते से हरिद्वार व देहरादून आवाजाही करनी पड़ी। रविवार सुबह बारिश से सिगड्डी स्त्रोत उफान पर रहा। उफान में मिट्टी-पत्थर आने से मार्ग बंद हो गया। मार्ग पर चलने वाली जीएमओयू की बसों समेत अन्य वाहनों को यूपी होते हुए नहर वाले रास्ते से 60 किमी. की अतिरिक्त दूरी तय कर हरिद्वार और राजधानी देहरादून आवाजाही करनी पड़ी। मार्ग बंद होने से लालढांग का संपर्क भी कोटद्वार क्षेत्र से कट गया।

### पुलिस ने आधुनिक पुलिसिंग की ओर बढ़ाया कदम

चमोली : चमोली पुलिस को स्मार्ट और तकनीकी उपकरणों से और अधिक एडवांस करने की दृष्टि से कई कदम उठाए जा रहे हैं। सोमवार को पुलिस कार्यालय गोपेश्वर में पुलिस विवेचना अधिकारियों के लिए आधुनिक और तकनीकी उपकरण प्रशिक्षण सत्र का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण में पुलिस के विवेचकों को बॉडी-वॉर्न कैमरे के उपयोग से जुड़ी ट्रेनिंग दी गई। पुलिस अधीक्षक सर्वेश पंवार ने बताया कि प्रशिक्षण का आयोजन विशेष रूप से उन पुलिस कर्मियों के लिए किया गया जो बॉडी-वॉर्न कैमरे से लैस होकर अपनी विवेचनाएं और फील्ड ड्यूटी करते हैं। प्रशिक्षण में बॉडी-वॉर्न कैमरों की कार्यप्रणाली, उनके उपयोग के तरीके, डेटा संग्रह, सुरक्षा प्रोटोकॉल और कानूनी पहलुओं पर विस्तृत जानकारी दी गई। प्रशिक्षण में थानों के विवेचकों के साथ-साथ सीसीटीएनएस पुलिस दूरसंचार विभाग के कर्मियों ने भी भाग लिया।

### चुनाव, शादी समारोह और धार्मिक कार्यक्रमों में नहीं परोसी जाएगी शराब

चमोली : चमोली जिले के विकासखंड पोखरी के ग्राम सिदेली में आयोजित बैठक में शादी समारोह, धार्मिक कार्यक्रमों और चुनाव में शराब को प्रतिबंधत करने का फैसला लिया गया है। महिला मंगल दल की अध्यक्ष आरती देवी ने कहा कि गांव के युवाओं, बुजुर्गों और महिलाओं के सहयोग से शादी समारोह एवं धार्मिक कार्यक्रमों में शराब को प्रतिबंध कर दिया गया है। चेताया कि प्रतिबंध के बावजूद कोई भी व्यक्ति शराब पिलाते हुए पाया गया तो उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। सिदेली निवासी कुंवर सिंह का कहना था कि महिला मंगल दल और युवक मंगल दल की पहल सराहनीय है। गजेन्द्र सिंह, चन्द सिंह, सतीश सिंह, सुभाष सिंह, बीरा देवी, मीना देवी, लक्ष्मी देवी, विमला देवी, तेजपाल सिंह, शशि देवी, किसान सिंह, देवेन्द्र सिंह, गीता देवी, सरबा देवी, दीपा देवी सहित तमाम महिलाएं एवं युवा मौजूद रहे। (एजेंसी)

### रूद्रप्रयाग संगम में दिखा रौद्र रूप, भगवान शिव की मूर्ति डूबी

रूद्रप्रयाग : पहाड़ी राज्य उत्तराखंड में मॉनसून ने जमकर उत्पात मचाया हुआ है। हर ओर बस पानी ही पानी दिख रहा है। प्रमुख नदियां और नाले उफान पर हैं। लोगों का जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। चारधाम यात्रा तक को रोकना पड़ा। इस बीच एक वीडियो सबका ध्यान खींचे हुए है। यह वीडियो रूद्रप्रयाग का है जहां अलकनंदा और मंदाकिनी नदियां मिलती हैं। यहां संगम के बाद वहां स्थित भगवान शिव की प्रतिमा ही डूब गई। उत्तराखंड के रुद्रप्रयाग संगम से आया ये वीडियो वाकई लोगों के आकर्षण का केंद्र बना है। बीच में भगवान शिव की मूर्ति है जो लगभग पूरी डूब चुकी है और सिर्फ केश दिखाई दे रहे हैं। वहीं चारों ओर से मंदाकिनी और अलकनंदा के संगम के बाद गंगा नदी का रौद्र रूप दिखाई दे रहा है। देखकर लगता है मानो शिव जी की जटाओं से मां गंगा निकल रही हों। उत्तराखंड के कई जिलों में भारी बारिश का अनुमान है।

### 20 पेटी शराब के साथ दो लोग गिरफ्तार

रुद्रप्रयाग : आगामी पंचायत चुनाव को देखते हुए पुलिस ने सघन चेकिंग अभियान के दौरान एक वाहन से 20 पेटी अवैध शराब के साथ दो लोगों को गिरफ्तार किया है। दोनों आरोपी के खिलाफ आबकारी एक्ट में मुकदमा दर्ज कर शराब परिवहन में प्रयुक्त वाहन को सीज किया गया। पुलिस अधीक्षक अक्षय प्रहलाद कोंडे ने निष्पक्ष पंचायत चुनाव संपंन कराए जाने के लिए सभी थाना व चौकी प्रभारियों को अवैध शराब की धरपकड़ के लिए जरूरी निर्देश दिए थे। सोमवार को चौकी दुर्गाधार पुलिस ने चेकिंग के दौरान सफेद रंग की स्कॉर्पियो कार से कुल 20 पेटी शराब बरामद की है।

# कोटद्वार-नजीबाबाद राष्ट्रीय राजमार्ग बंद, ट्रेन भरोसे यात्री

**● राष्ट्रीय राजमार्ग पर जाफरा के समीप ढही पुलिया से बढ़ी परेशानी ● कोटद्वार में पेसेंजर व एक्सप्रेस ट्रेन में टिकट के लिए लगी रही लंबी लाइन**


कोटद्वार-नजीबाबाद के मध्य जाफरा के समीप ढही पुलिया


कोटद्वार रेलवे स्टेशन में ट्रेन का टिकट लेने के लिए लगी लोगों की लाइन


कोटद्वार-नजीबाबाद के मध्य जाम में खड़े वाहन

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : बरसात ने आमजन के समक्ष चुनौतियां खड़ी कर दी है। सोमवार को एक बार फिर कोटद्वार-नजीबाबाद के मध्य राष्ट्रीय राजमार्ग बंद हो गया। दरअसल, रविवार को जाफरा के समीप पुलिया ढह गई थी। जिसके बाद ह्यूम पाइप डालकर वैकल्पिक व्यवस्था की गई थी। लेकिन, सोमवार सुबह यह व्यवस्था भी नाले के तेज बहाव में बह गई। ऐसे में राष्ट्रीय राजमार्ग पर पूरी तरह आवागमन बंद हो गया। यात्री पूरी तरह ट्रेन के भरोसे रहे। यही कारण था कि कोटद्वार से संचालित होने वाली पेसेंजर व एक्सप्रेस ट्रेन में यात्रियों की भारी भीड़ देखने को मिली। कोटद्वार-नजीबाबाद के मध्य प्रतिदिन सैकड़ों वाहन आवागमन करते हैं। लेकिन, रविवार सुबह तेज बारिश के दौरान कोटद्वार-नजीबाबाद के मध्य जाफरा के समीप बरसाती नाले के ऊपर बनी पुलिया ढह गई थी। मौके पर पहुंचे राष्ट्रीय राजमार्ग विभाग ने जेसीबी व पोकलेंन मशीनों ने नाले में ह्यूम पाइप डालते हुए वैकल्पिक मार्ग तैयार किया था। जिसके बाद राष्ट्रीय राजमार्ग पर वाहनों का संचालन शुरु हो पाया। लेकिन, सोमवार सुबह हुई वर्षा से अचानक नाले का जल स्तर बढ़ गया। जिसके कारण ह्यूम पाइप व उसके ऊपर मार्ग तैयार करने के लिए डाली गई मिट्टी बह गई। साथ ही सड़क का भी कुछ हिस्सा नाले की भेंट चढ़ गया। वैकल्पिक व्यवस्था ढहने के बाद कोटद्वार-नजीबाबाद के मध्य वाहनों का संचालन प्रभावित हो गया। सुबह दस बजे से समाचार लिखे जाने तक मार्ग पूरी तरह बंद रहा। ऐसे में मार्ग के दोनों ओर मैदान व पहाड़ के लिए आवागमन करने वाले वाहनों की कतारे लगी हुई थी। बसों का संचालन बंद होने से परिवहन निगम कोटद्वार को भी लाखों का नुकसान झेलना पड़ रहा है। जबकि, स्कूल खुलने की तिथि नजदीक आते ही इन दिनों बड़ी संख्या में प्रवासी पहाड़ से मैदान का रूख कर रहे थे।

### अब केवल ट्रेन भरोसे

पुल ढहने के बाद कोटद्वार से नजीबाबाद आवागमन के लिए केवल एक ट्रेन ही विकल्प है। यही कारण था कि सोमवार को ट्रेन से आवागमन करने के लिए स्टेशन पर लोगों की भारी भीड़ उमड़ी हुई थी। कोटद्वार रेलवे स्टेशन में टिकट के लिए यात्रियों की लंबी लाइन देखने को मिली। सुबह 11 बजे व 12.55 बजे नजीबाबाद जाने वाली ट्रेन के लिए टिकट खरीदने वालों की लंबी कतारे लग गई थी। दोपहर 3.55 पर कोटद्वार से आनंद बिहार ट्रमिनल को जाने वाली एक्सप्रेस ट्रेन में भी भारी भीड़ देखने को मिली।

## सिद्धबली के समीप राष्ट्रीय राजमार्ग पर ढहा पुलिया का हिस्सा


कोटद्वार में सिद्धबली के समीप ढहा पुलिया का हिस्सा


कोटद्वार में कोलू नदी में जान जोखिम में डाल ट्रोली से वाहन को पार करवाते युवा

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : सोमवार सुबह तेज बारिश के दौरान कोटद्वार-दुगड्डा के मध्य सिद्धबली के समीप स्थिति पुलिया का हिस्सा ढहने लगा। खतरे को देखते हुए पुलिया पर आवागमन पूरी तरह बंद करवा दिया गया। इसी के समीप स्थित दूसरी पुलिया से ही वाहनों का आवागमन हो रहा है।

सिद्धबली के समीप राष्ट्रीय राजमार्ग पर दो पुलिया का निर्माण करवाया गया है। जिसमें से कोटद्वार से दुगड्डा को जाने वाले वाहनों के लिए बनी पुलिया का हिस्सा ढहने लगा है। ऐसे में पुलिया को खतरा पैदा होने लगा है। सुरक्षा व्यवस्था को देखते हुए प्रशासन व पुलिस ने पुलिया पर आवागमन रुकवा दिया है। ऐसे में दुगड्डा से आने वाले वाहनों के लिए बनी पुलिया पर वाहनों का दबाव बढ़ गया है। दोनों ओर के वाहन एक पुलिया पर ही दौड़ रहे हैं। अव्यवस्थाओं के कारण मार्ग के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारे लगी हुई है। एक-एक कर दोनों ओर से वाहनों का संचालन किया जा रहा है। साथ ही मौके पर पुलिस कर्मी की भी तैनात की गई है। स्थानीय लोगों ने सरकारी सिस्टम से पुलिया की सुध लेने की मांग उठाई।

### जिंदगी दांव पर लगाकर कर रहे नदी पार

सनेह क्षेत्र में बहने वाली कोलू नदी को पार करने के लिए लोग अपनी जिंदगी दांव पर लगा रहे हैं। हालत यह है कि स्थानीय युवा वाहनों को नदी पार करवाने के लिए ट्रैक्टर-ट्रॉली चला रहे हैं। इसके एवज में वाहन चालकों व अन्य लोगों से पैसे भी लिए जा रहे हैं। जबकि, पहाड़ों में वर्षा होने के बाद लगातार कोलू नदी का जल स्तर भी बढ़ता जा रहा है। पूर्व में सरकारी सिस्टम ने नदी पर पुल निर्माण को भी स्वीकृति दी थी।

### मंच ने किया जिज्ञासाओं का समाधान

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : ग्रामीण विकास नागरिक विचार मंच की ओर से सोमवार को देवी रोड स्थित एक होटल के सभागार में आयोजित कार्यक्रम में एनईपी 2020 पर चर्चा की गई। इस दौरान उपस्थित लोगों की इस संबंध में जिज्ञासाओं का समाधान भी किया गया। कार्यक्रम का आरंभ मंच अध्यक्ष प्रवेश नवानी और अन्य अतिथियों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। इस दौरान मुख्य वक्ता राजकीय महाविद्यालय की असिस्टेंट प्रोफेसर डा. चंद्रप्रभा कंडवाल व सेनि. प्रधानाचार्य सुंदरलाल जोशी ने एनईपी 2020 को विद्यार्थियों के हित में बताते हुए कहा कि इसके अंतर्गत विद्यार्थियों के बस्ते का बोझ कम किया गया है। साथ ही इस नीति में रोजगार परक कोर्सों को भी प्राथमिकता दी गई है। मौके पर वक्ताओं ने क्लस्टर विद्यालयों के पक्ष और विपक्ष में भी अपने विचार रखे। कार्यक्रम में चित्रमणी देवलियाल, शंकर दत्त गौड़, सुनील नवानी, नरेंद्र सिंह रावत, शिव प्रकाश कुकरेती, आर पी पंत, राकेश लखेड़ा और सुदीप बौंठियाल आदि मौजूद थे।

### पंचायत चुनाव में कांगेस मजबूत : लखपत बुटोला

जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ी : पंचायत चुनावों को लेकर कांग्रेस ने सोमवार को पौड़ी में कार्यकर्ताओं के साथ रायशुमारी की। इस दौरान विधायक लखपत बुटोला ने सभी दावेदारों से रायशुमारी की। उन्होंने कहा कि जिला पंचायत सदस्य की हर सीट पर एक से अधिक दावेदार पार्टी में है। दावेदारी से प्रतीत होता है कि कांग्रेस मजबूत है। कहा कि चुनाव को लेकर विधानसभा, ब्लाक और हर पंचायत में प्रभारी बनाए गए है। उन्होंने दावा किया कि पौड़ी जिले में पंचायत चुनाव में कांग्रेस अच्छी सीट हासिल करेगी।

सोमवार को आयोजित बैठक में बदरीनाथ के विधायक एवं पंचायत चुनाव के लिए पौड़ी जिले के प्रभारी लखपत बुटोला सहित पार्टी के अन्य पदाधिकारियों ने भी हिस्सा लिया। बैठक में पदाधिकारियों ने कार्यकर्ताओं को पंचायत चुनाव में एकजुट रहते हुए मजबूती से चुनाव लड़ने पर जोर दिया। इस दौरान पौड़ी विधानसभा से लेकर चौबट्टाखाल और श्रीनगर विधानसभा के तहत आने वाली जिला पंचायत सदस्यों की सीटों को लेकर मंथन किया गया। जिलाध्यक्ष विनोद नेगी की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में पौड़ी विधानसभा के पंचायत चुनाव के प्रभारी नवीन जोशी, श्रीनगर विधानसभा के प्रभारी सुरेंद्र रावत, नगर अध्यक्ष भारत सिंह रावत, यशोदा नेगी, पूनम कैंतुरा, राजपाल बिष्ट, मोहित सिंह, सुंदर लाल मुयाल, अनिल कुमार आदि मौजूद रहे।

### पोखरी चमशील काण्डई त्रिशूला सड़क अवरूद्ध

चमोली : चमोली के पोखरी चमशील काण्डाई त्रिशूला सड़क दो दिनों से भारी बारिश से जगह-जगह मलबा आने से अवरूद्ध है, जिसके कारण ग्रामीणों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। सड़क के बंद होने से त्रिशूला, काफल पानी, भरतपुर, डामक, चरपाणी और शरणाचाई ग्राम पंचायतों के ग्रामीणों को दैनिक जरूरतों को पूरा करने के लिए पैदल सफर करना पड़ रहा है। त्रिशूला की निवर्तमान प्रधान कमला देवी, विनोद नेगी, रघुनंदन नेगी, किशन नेगी सहित ग्रामीणों ने पीएमजीएसवाई के उच्चाधिकारियों से मांग की है कि जेसीबी मशीन भेजकर तत्काल अवरुद्ध मोटर मार्ग को यातायात के लिए खोला जाए। पीएमजीएसवाई के अधिशासी अभियंता मनमोहन विजलवाण ने बताया कि जेसीबी मशीन को भेज दिया गया है और मलबा-पत्थर हटाने का कार्य जारी है। (एजेंसी)

## चटवापीपल व बंदरखंड में बदरीनाथ एनएच बाधित, लोग परेशान

चमोली : चमोली जिले में लगातार हो रही बारिश से ऋषिकेश-बदरीनाथ हाईवे सोमवार को चटवापीपल और बंदरखंड के पास बाधित हो गया, जिससे स्थानीय लोगों सहित बदरीनाथ व हेमकुंड जाने वाले तीर्थयात्रियों को भारी परेशानी झेलनी पड़ी। दूसरी ओर, बारिश के बाद अलकनंदा और पिंडर नदियां उफान आ गईं हैं। प्रशासन व पुलिस ने लोगों से नदियों के पास नहीं जाने की अपील की है। बारिश से उमट्टा में पेयजल लाइन क्षतिग्रस्त होने से सोमवार को कर्णप्रयाग में लोगों को पेयजल दिक्कत का समाना करना पड़ा। कर्णप्रयाग सहित आसपास के क्षेत्रों में शनिवार रात से बारिश जारी है। हालांकि रविवार दोपहर को बारिश रूक कई थी, लेकिन रात को फिर से बारिश शुरू होने के बाद सड़कों पर मलबा आ गया। बारिश से बदरीनाथ हाईवे पर कर्णप्रयाग के पास चटवापीपल और गौचर के पास बंदरखंड में भारी मात्रा में मलबा व पत्थर आने से वाहनों की आवाजाही ठप रही। इस दौरान हाईवे के दोनों तरफ दिल्ली, देहरादून, हरिद्वार सहित चमोली, जोशीमठ व बदरीनाथ आने-जाने वाले वाहनों की कतारें लगी रही। कड़ी मशक्कत के बाद मलबा हटाकर यातायात बहाल किया गया। रविवार और सोमवार को हुई बारिश से कर्णप्रयाग-नैनीसैंण मोटर मार्ग पहाड़ी से चट्टान खिसकने से बाधित रहा। ऐसे में कपीरी पट्टी के सैकड़ों लोगों को आवाजाही में दिक्कतों का सामना करना पड़ा।

सड़क बंद होने से ग्रामीण डिम्मर होते हुए सिमली पहुंचे। लेकिन सिमली-कर्णप्रयाग रोड़ पर भी मलबा आने से लोगों को पैदल आवाजाही करनी पड़ी।

### कांवड यात्रा के लिए सख्त गाइडलाइन बनाने की मांग

रुद्रप्रयाग : नगर उद्योग व्यापार मंडल अगस्त्यमुनि के व्यापारियों ने आगामी कावड़ यात्रा को देखते हुए जिला प्रशासन व पुलिस से सख्त गाइडलाइन जारी करने की मांग की है। व्यापारियों ने कहा कि कावड़ यात्रा के दौरान बाजारों की मुख्य सड़कों पर पैदल चलने वाले स्कूली बच्चों व लागों को काफी मुश्किलें उठानी पड़ती है जबकि दुर्घटना का खतरा भी बना रहता है। जिलाधिकारी को भेजे ज्ञापन में नगर उद्योग व्यापार संघ अध्यक्ष त्रिभुवन सिंह नेगी, महामंत्री मनीष बिष्ट व कोषाध्यक्ष विक्रम नेगी ने कहा कि कुछ दिनों बाद कावड़ यात्रा शुरू होने जा रही है। यात्रा में देश के विभिन्न राज्यों से भारी संख्या में कांवड़िए अपने दोपहिया वाहनों से केदारनाथ धाम पहुंचते हैं। इसमें कुछ लोग आस्था का गलत फायदा उठाते हुए वाहनों का साइलेंसर निकालकर व यातायात नियमों को ताक में रखकर चलते है। जिस कारण जनपद के मुख्य बाजारों में स्कूली बच्चों व पैदल चलने वाले आम लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है। इस संबंध में व्यापारियों ने जिला प्रशासन और पुलिस से कठोर गाइडलाइन जारी करने की मांग की है।

## पीएम किसान निधि के 162 अपात्र किसान हुए चिन्हित

जयन्त प्रतिनिधि। चमोली : जिलाधिकारी संदीप तिवारी की अध्यक्षता में सोमवार को पीएम किसान निधि की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। इस दौरान योजना की समीक्षा की गई। जिसमें जनपद में ई-केवाईसी के बाद 162 अपात्र किसान चिन्हित किए गए हैं। जिस पर जिलाधिकारी ने केंद्र सरकार के निर्देश के क्रम में मुख्य कृषि अधिकारी व सभी उप जिलाधिकारियों को नियमानुसार कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं।

जिलाधिकारी कार्यालय में आयोजित बैठक में अपर जिलाधिकारी विवेक प्रकाश ने बताया कि जनपद में केंद्र सरकार की ओर से संचालित पीएम किसान निधि योजना के तहत 46 हजार 874 किसानों को लाभान्वित किया जा रहा है। चालू वित्तीय वर्ष में योजना के संपादन के लिए की गई ई-केवाईसी और आधार लिंक के आधार पर जनपद के 162 किसानों की आय में मानकों से अधिक वृद्धि होने के बाद अपात्र पाया गया है। ऐसे में केंद्र सरकार के निर्देश के क्रम में नियमानुसार चिन्हित किसानों से 17 लाख 68 हजार की धनराशि किसानों की ओर से जमा की जानी है। जिसे लेकर जिलाधिकारी के निर्देश पर चिन्हित किसानों को नोटिस जारी कर धनराशि जमा करवाने की प्रक्रिया शुरु कर दी गई है। एडीएम ने बताया कि अपात्र किसानों की सूची में शामिल हुए किसान ऑनलाइन रिफंड के माध्यम से धनराशि जमा करवा सकेंगे। जिसके लिए केंद्र सरकार की ओर से ऑनलाइन रिफंड की सुविधा शुरु की गई है। जिसमें किसान की ओर से रिफंड धनराशि सीधे भारत सरकार को प्रत्यावर्तित की जा सकेगी। बैठक में मुख्य कृषि अधिकारी जेपी तिवारी और सहायक भूलेख अधिकारी राकेश पल्लव सहित अन्य लोग मौजूद थे।




# धामी देंगे खिलाड़ियों को सौगात, और फलेंगे फूलेंगे खेल

### आठ शहरों में 23 अकादमी और विश्वविद्यालय निर्माण पर तेजी से आगे बढ़ रही बात

जयन्त प्रतिनिधि। देहरादून : मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी अपने कार्यकाल के पांचवें साल में खेल-खिलाड़ियों को सौगात देने जा रहे हैं। सौगात भी एक नहीं, बल्कि दो-दो। इनमें पहली सौगात हल्द्वानी में खेल विश्वविद्यालय के निर्माण से जुड़ी है, जिसके खेल दिवस पर शिलान्यास की तैयारी है। दूसरी सौगात, प्रदेश के 23 खेल अकादमी खोलने से जुड़ी हैं। राष्ट्रीय खेलों के दौरान देहरादून, हरिद्वार, हल्द्वानी समेत जिन आठ शहरों में खेल गतिविधियां संचालित हुईं और आधारभूत ढांचा तैयार हुआ, वहीं पर ये अकादमी खोली जाएंगी। इसके दो फायदे होंगे। एक, खेल के लिए तैयार बुनियादी ढांचे का बेहतर रख–रखाव हो सकेगा। दो, खिलाड़ियों के प्रशिक्षण के लिए ठोस प्लेटफार्म तैयार हो सकेंगे।



मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के कार्यकाल के चैथे साल में उत्तराखंड ने खेल की दुनिया में ऊंची छलांग लगाई है। राष्ट्रीय खेलों का भव्य आयोजन से उत्तराखंड की खेलां की दुनिया में हैसियत बढ़ गई है। खेल के शानदार माहौल को अपने कार्यकाल के पांचवें साल में भी बनाए रखने के प्रति मुख्यमंत्री गंभीर है। इसी लिए चाहे हल्द्वानी में खेल विश्वविद्यालय का निर्माण हो या फिर आठ शहरों में 23 खेल अकादमी खोलने की बात, दोनों विषयों पर पर्याप्त तेजी दिखाई दे रही है। खेल विश्वविद्यालय की तो बकायदा अधिसूचना जारी हो चुकी है। इसी तरह, 23 अकादमी भी सरकार खोलने जा रही हैं। इन दोनों महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट को अमली जामा पहनाने के लिए तेजी से काम चल रहा है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि उत्तराखंड को खेल भूमि के रूप में भी जाना जा रहा है, यह हमारे लिए सुखद अहसास है। राष्ट्रीय खेलों के भव्य आयोजन के बाद प्रदेश में खेल का बेहतर माहौल है। खिलाड़ियों का मनोबल ऊंचा है और वे बढ़िया प्रदर्शन कर रहे हैं। खेल-खिलाड़ियों के विकास के लिए बड़े निर्णय लेने और उन्हें अमली जामा पहनाने का क्रम जारी रहेगा।

#### दो कदम, जिनसे गूंजा यश गान

उत्तराखंड के रजत जयंती वर्ष में उत्तराखंड की धरती पर 38वें राष्ट्रीय खेलों का सफल आयोजन धामी सरकार की सबसे बड़ी खेल उपलब्धि रही। भव्य आयोजन हुआ और हमारे खिलाड़ियों ने भी श्रेष्ठ प्रदर्शन किया। गोवा में पिछले राष्ट्रीय खेलों में उत्तराखंड ने सिर्फ 24 पदक जीते थे, लेकिन इस बार उसने पदकों का शतक लगाकर तालिका में सातवां स्थान प्राप्त किया। इस आयोजन से खेल सुविधाओं का विस्तार हुआ और ऐसा आधारभूत ढांचा उपलब्ध हो गया, जो कि खेल के क्षेत्र में मील का पत्थर साबित होगा।

#### नई खेल नीति

वर्ष 2021 में घोषित नई खेल नीति में खिलाड़ियों के प्रोत्साहन पर खास फोकस किया गया। ओलंपिक के पदक विजेताओं के लिए एक से लेकर दो करोड़ तक की प्रोत्साहन राशि की व्यवस्था की गई है। अंतरराष्ट्रीय व राष्ट्रीय स्पर्धाओं में पदक लाने वाले खिलाड़ियों को सरकारी नौकरी दी जा रही है। खिलाड़ियों की प्रोत्साहन राशि दुगना हुई है और छात्रवृत्ति भी दी जा रही है। इस नीति की यह भी आकर्षक बात है कि बड़ी स्पर्धाओं में भाग लेने मात्र से खिलाड़ी प्रोत्साहन राशि का हकदार हो जा रहा है। फिर चाहे उसे पदक मिले या ना मिले।

## सोनप्रयाग से सुबह दस बजे बाद छोड़े यात्री

रुद्रप्रयाग : केदारनाथ धाम की यात्रा सोमवार को फिर से पटरी पर लौट गई। हालांकि भारी बारिश के अलर्ट को देखते हुए शासन के निर्देशों पर बीते दिन 24 घंटे के लिए यात्रियों की आवाजाही रोकी गई थी, किंतु सोमवार सुबह बारिश कम होते ही 10 बजे सोनप्रयाग से यात्रियों को केदारनाथ धाम के लिए भेजा गया। सुबह 3 हजार से अधिक यात्री केदारनाथ धाम रवाना हुए। जनपद में लगातार बारिश जारी है। ऐसे में तीर्थयात्रियों की सुरक्षा को देखते हुए प्रशासन यात्रा का संचालन कर रहा है। तेज बारिश और भूस्खलन की स्थिति की संभावना को देखते ही यात्रियों को सुरक्षित स्थानों पर रुकने की सलाह दी जा रही है, जबकि मौसम अनुकूल होते ही यात्रियों की आवाजाही कराई जा रही है। सोमवार सुबह तेज बारिश के चलते सुबह 5 बजे से 10 बजे तक यात्रियों की आवाजाही रोकी गई। जबकि इसके बाद मौसम ठीक होते ही यात्रियों को केदारनाथ धाम जाने दिया गया। मुनकटिया में कोतवाली निरीक्षक सोनप्रयाग राकेंद्र कठैत की मौजूदगी में पुलिस फोर्स ने यात्रियों की सुरक्षित आवाजाही कराई। सुबह 3 हजार से अधिक यात्री केदारनाथ भेजे गए। इधर, बीते दिन शासन के निर्देशों पर 24 घंटे के लिए यात्रियों की आवाजाही रोकी गई थी, जिससे सोनप्रयाग और आसपास करीब 2 हजार यात्री ठहरे थे जो सोमवार सुबह केदारनाथ के लिए रवाना हुए। वहीं केदारनाथ धाम से आने वाले यात्रियों की आवाजाही निरंतर जारी है। यात्रा के विभिन्न पड़ावों पर पुलिस, एसडीआरएफ, एनडीआरएफ, डीडीआरएफ और वाईएमएफ के जवानों की देखरेख में यात्रियों की आवाजाही हो रही है। जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी एनएस रजवार ने बताया कि यात्रियों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए यात्रा का संचालन किया जा रहा है। बारिश होते ही यात्रियों को सुरक्षित स्थानों पर ठहराया जा रहा है। जबकि मौसम ठीक होते ही आवाजाही शुरू हो रही है। उन्होंने बताया कि केदारनाथ यात्रा सुचारु चल रही है। (एजेंसी)


**सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी संस्था DIVYA FOUNDATION AND AYURVEDIC CHIKITSHA TRUST है। संस्था की पंजीकरण संख्या 58/IV 2022 है तथा पंजीकरण तिथि 12-05-2022 है। उक्त संस्था एक गैर राजनीतिक, गैर लाभकारी संगठन है तथा यह किसी भी प्रकार की धार्मिक प्रचार-प्रसार की गतिविधियों में लिप्त नहीं है। संस्था किसी भी प्रकार की हिंसात्मक गतिविधियों में सम्मिलित नहीं है तथा ना ही उसका कोई सदस्य भारत विरोधी गतिविधियों में संलिप्त है। संस्था का उद्देश्य समाज कल्याण, शिक्षा, स्वास्थ्य, पर्यावरण संरक्षण आदि है। संस्था को प्राप्त विदेशी अंशदान का उपयोग केवल वैधानिक एवं घोषित उद्देश्यों के लिए किया जाएगा। संस्था की सभी गतिविधियां भारत सरकार के दिशा-निर्देशों एवं विधियों के अनुरूप है। उक्त संस्था के नाम से कोई भी अन्य संस्था पंजीकृत नहीं है।

**भूपेन्द्र सिंह शर्मा पुत्र स्व0 हेमराज निवासी उत्तरी झण्डीचौड़, वार्ड नं0 38, पट्टी हल्दूखाता, तहसील कोटद्वार, जिला पौड़ी गढ़वाल, उत्तराखण्ड, पिन- 246149।**
(01066/21)



**उत्तर रेलवे**

**ई–नीलामी**

वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबन्धक/कोचिंग, (ए.सी.ओ.) उत्तर रेलवे, मुरादाबाद मंडल के द्वारा पार्किंग एवं पे एंड यूज शौचालय के कार्य हेतु ई–बोलियाँ दिनांक 15.07.2025 को IREPS के माध्यम से विभिन्न स्टेशनों पर www.ireps.gov.in पर आमंत्रित की जाती है, जिसकी विस्तृत जानकारी, नियम व शर्तें www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। 1937/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## संक्षिप्त समाचार

### सतपुली क्षेत्र बनेगा खेल का हब : हेमराज बिष्ट

जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ी : खेल राज्य मंत्री हेमराज बिष्ट ने सतपुली में भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की। उन्होंने कहा कि सतपुली क्षेत्र एक खेल का हब बन सकता है। इस दौरान उन्होंने संगठन की मजबूती और खेल संबंधी गतिविधियों को बढ़ाने पर कार्यकर्ताओं के साथ चर्चा की।

बैठक में खेल मंत्री हेमराज बिष्ट ने कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का सपना है कि उत्तराखंड प्रदेश खेल प्रदेश के रूप में विकसित हो। कहा कि हर ब्लॉक में खेल के मैदान दिए जाएंगे। इसके लिए लोगों से प्रस्ताव मांगे जा रहे हैं। उत्तराखंड में खेल के मैदानों की कमी को देखते हुए खेल प्रतिभाओं को आगे लाना और खेल प्रेमी को उत्तराखंड में बढ़ावा देने, खेल के प्रति महिलाओं को भी प्रोत्साहन करना सरकार का मुख्य उद्देश्य है। इस दौरान पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष खेल प्रकोष्ठ पुष्पेंद्र राणा ने खेल मैदान का प्रस्ताव रखते हुए कहा कि सतपुली जैसे क्षेत्र में खेल मैदान की कमी होने के चलते प्रतिभाओं को उभरने का मौका नहीं मिलता, जबकि इस क्षेत्र में खेल की प्रतिभाओं की भरमार है। इस अवसर पर गौ सेवा आयोग के सदस्य धर्मवीर सिंह गुसाईं, भाजपा किसान मोर्चा मंडल अध्यक्ष केश्वर, जोगेश्वर प्रसाद, राजेंद्र प्रसाद घनशाला, कुसुम खंतवाल, विनोद खंतवाल आदि मौजूद रहे।

### बारिश के बाद बढ़ी ग्रामीणों की मुश्किलें

चमोली : चमोली जिले में बारिश के बाद ग्रामीणों की मुश्किलें बढ़ गईं हैं। पहाड़ी से बोल्डर गिरने से गौचर नगर में पेयजल योजना क्षतिग्रस्त हो गई जिससे जलापूर्ति बाधित हुई है। प्रशासन की ओर से टैंकरों से जलापूर्ति की जा रही है। दूसरी ओर, नन्दप्रयाग, नन्दानगर फीडर में खराबी आने से गांवों की विद्युत आपूर्ति बाधित रही। जिला आपदा प्रबंधन कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार, विद्युत वितरण खंड गैरसैंण के 5 और कर्णप्रयाग विद्युत वितरण खंड के 25 गांवों की विद्युत आपूर्ति फीडर में खराबी के बाद बाधित रही। जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी एनके जोशी ने बताया कि जिला अधिकारी के निर्देश पर विद्युत आपूर्ति सुचारु करने के कार्य किया जा रहा है। (एजेंसी)

### एलिवेटेड रोड प्रभावितों की आशंकाओं को दूर करे सरकार

देहरादून। रिस्पना और बिंदाल पर प्रस्तावित एलिवेटेड रोड को लेकर कांग्रेस के पूर्व विधायक राजकुमार ने आशंकाओं को दूर करने की मांग की है। राजकुमार ने मुख्य सचिव को इसे लेकर ज्ञापन भेजा है। कहा है कि एलिवेटेड रोड के प्रभावितों को भविष्य की चिंता सता रही है और सरकार की ओर से कुछ भी स्पष्ट नहीं किया जा रहा है। पूर्व विधायक राजकुमार ने ज्ञापन में कहा कि विकास योजनाओं के नाम पर मलिन बस्तियों को उजाड़ने का काम किया जा रहा है। इनके पुनर्वास पर कोई बात नहीं हो रही है। उन्होंने पूर्व में मलिन बस्तियों के मालिकाना हक का लेकर बनाई गई नियमावली का भी हवाला दिया।

कहा कि कांग्रेस सरकार ने कैबिनेट और विधानसभा में इसे मंजूरी दे दी थी। 2016 में कांग्रेस सरकार ने सौ परिवारों को मालिकाना हक देकर इसकी शुरूआत भी कर दी थी।

साथ ही मलिन बस्तियों के रख–रखाव को चार करोड़ रुपये का प्रावधान भी किया था। लेकिन आज इस सबको अनदेखा कर सिर्फ मलिन बस्तियों को उजाड़ने की योजना पर काम किया जा रहा है। देहरादून नगर क्षेत्र में मलिन बस्तियों के दो लाख से अधिक कच्चे और पक्के घर हैं। उन्होंने मुख्य सचिव से प्रभावितों की आशंकाओं और पुनर्वास की स्थिति को लेकर स्थिति स्पष्ट करने की मांग की है।

### कौशल विकास सीखेंगे इंजीनियरिंग छात्र

देहरादून, अब उत्तरांचल विवि के इंजीनियरिंग छात्र ऊर्जा प्रबंधन और कार्बन लेखांकन में कौशल विकास का पाठ पढ़ेंगे। इसके लिए उत्तरांचल विश्वविद्यालय और ग्रीनफिंच रियल एस्टेट इंजीनियर्स एंड कंसल्टेंट्स प्राइवेट लिमिटेड के बीच सोमवार को एमओयू हुआ है। एमओयू पर हस्ताक्षर उत्तरांचल विवि के कुलसचिव डॉ. अनुज कुमार राणा कंपनी के सीईओ डॉ. अमित कुमार दास ने हस्ताक्षर किए। यह विशेष केंद्र ऊर्जा प्रबंधन, कार्बन लेखांकन और सस्टेनेबिलिटी से जुड़े पाठ्यक्रमों पर केंद्रित कौशल आधारित प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करेगा। जिसका उद्देश्य छात्रों और उद्योग पेशेवरों की रोज़गार क्षमता और उद्योग–तैयारी को बढ़ाना है।उत्तरांचल विश्वविद्यालय के अध्यक्ष जितेंद्र जोशी ने कहा कि विवि हमेशा ऐसे परिवर्तनकारी कदमों में अग्रणी रहा है।

# पंचायत चुनाव को लेकर डीएम ने जारी की अधिसूचना

नई टिहरी : जिलाधिकारी व जिला निर्वाचन अधिकारी (पंचस्थानी) नितिका खंडेलवाल ने राज्य निर्वाचन आयोग की अधिसूचना के क्रम में जिले के सभी ब्लॉक में ग्राम पंचायत सदस्यों, प्रधानों, क्षेत्र पंचायत और जिला पंचायत सदस्यों के निर्वाचन के लिए अधिसूचना जारी की है।



डीएम नितिका ने बताया कि जिले में पहले चरण में जौनपुर, प्रतापनगर, जाखणीधार, थौलधार और भिलंगना जबकि दूसरे चरण में कीर्तिनगर, देवप्रयाग, नरेंद्रनगर और चंबा ब्लॉक में चुनाव होगा। 2 से 5 जुलाई तक सुबह 8 से अपराह्न 4 बजे तक नामांकन, 7 से 9 जुलाई तक नामांकन पत्रों की जांच, 10 से 11 जुलाई को नाम वापसी होगी। जबकि पहले चरण के चुनाव के लिए निर्वाचन प्रतीक का आवंटन 14 और द्वितीय चरण के लिए 18 जुलाई को होगा। पहले चरण का मतदान 24 और द्वितीय चरण का 28 जबकि मतगतणना और परिणाम की घोषणा 31 जुलाई को होगी। डीएम ने बताया कि सदस्य ग्राम पंचायत, प्रधान और क्षेत्र पंचायत सदस्य के प्रत्याशियों का नाम निर्देशन पत्रों की बिक्री संबंधित विकासखंड मुख्यालयों पर जबकि जिला पंचायत सदस्य के प्रत्याशियों के नाम निर्देशन पत्रों की बिक्री जिला पंचायत मुख्यालय बौराड़ी में 5 जुलाई शाम 3 बजे तक होगी। मतों की गणना और परिणाम जौनपुर ब्लॉक की जीआईसी थत्यूड, देवप्रयाग की जीआईसी हिंडोलाखाल, प्रतापनगर की जीआईसी प्रतापनगर जबकि शेष सभी ब्लॉक की क्षेत्र पंचायत (विकासखंड) मुख्यालय पर की जाएगी। जिला पंचायत के सदस्यों के लिए नामांकन पत्र दाखिल करने, जांच, नाम वापसी, निर्वाचन प्रतीक आवंटन का कार्य जिला पंचायत मुख्यालय बौराड़ी में होगा। जबकि मतों की गणना संबंधित क्षेत्र पंचायतों के मुख्यालय और गणना स्थलों पर की जाएगी।

### पेयजल लाइन क्षतिग्रस्त, पानी को तरसे लोग

चमोली : चमोली जिले में लगातार हो रही बारिश से लोगों की परेशानी भी दोगुनी हो गई है। सड़कें बंद होने से लेकर पेयजल लाइनों के क्षतिग्रस्त होने से लोगों की मुश्किलें भी बढ़ गईं हैं। बारिश व भूस्खलन से रविवार रात को कालेश्वर से कर्णप्रयाग आने वाली पेयजल लाइन के कई पाइप टूट गए। ऐसे में सोमवार को कर्णप्रयाग के पुजारीगांव, शक्तिनगर, राजनगर, प्रेमनगर, बहुगुणानगर, गांधीनगर सहित कई मोहल्लों में पानी नहीं आया। पेयजल पाइप लाइन के टूटने की वजह से करीब आठ हजार से अधिक आबादी को परेशानी झेलनी पड़ रही है। जल संस्थान के इंजीनियर दिनेश पुरोहित ने कहा कि पाइपों को जोड़ा जा रहा है। बताया कि कर्मियों को सख्त निर्देशित किया गया है कि टूटी हुई पाइप लाइनों को तुरंत ही ठीक किया जाए, ताकि लोगों को पेयजल के लिए परेशान न होना पड़े। घटगाड़ टेंक से भी सोमवार को पानी की आपूर्ति ठप रही,

# भारी बारिश से ग्रामीण मार्गों पर आया मलबा, यातायात बाधित



जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ी : भारी बारिश से जहां जनजीवन प्रभावित रहा, वहीं बारिश से ग्रामीण सड़कें भी बाधित हो गई। नैनीडांडा-शंकरपुर मोटर मार्ग, हल्दूखाल-कमंदा, डौलियाखाल-स्यालखेत, रिंगल्टी-बाड़ियूं, द्वारी-भौन ग्रामीणों मार्गों पर मलबा आने से यातायात बाधित हो गया।

भारी बारिश के चलते क्षेत्र में जनजीवन प्रभावित होने के साथ ही अनेक सड़कों पर मलबा गिरने से यातायात बाधित रहा। बीते शनिवार रात से शुरू हुई बारिश रविवार दोपहर बाद तक जारी रही। शाम को कुछ समय थमने के बाद रात से बारिश शुरू हो गई जो सोमवार दिनभर रुक-रुककर होती रही। बारिश से ग्रामीण सड़कें भी बाधित हो गई। जेई प्रदीप ममगाईं का कहना है कि रिंगल्टी-बाड़ियूं मोटर मार्ग और डौलियाखाल-स्यालखेत मोटर मार्ग को मलबा हटाकर यातायात के लिए खोल दिया गया है। बताया कि नैनीडांडा-शंकरपुर मोटर मार्ग और हल्दूखाल-कमंदा मार्ग शाम तक खुल जाएगा। नैनीडांडा-शंकरपुर मोटर मार्ग पर पुश्ता टूटा है। फिलहाल यातायात बहाल करने के लिए प्रयास किए जा रहे हैं।

# अतिवृष्टि के तहत प्रशासन ने की ऋषिकेश में मॉक ड्रिल

ऋषिकेश। अतिवृष्टि के तहत सोमवार को प्रशासन ने ऋषिकेश में मॉक ड्रिल की। इस दौरान विभागीय अधिकारियों में तालमेल तो ठीक दिखा, लेकिन रेस्क्यू में कई खामियां सामने आईं, जिसमें मुख्यतौर पर जल पुलिस जवानों से गंगा में बह रहे युवक को बचाने के लिए लाइफबॉय ट्यूब ही ढंग से नहीं फेंकी गई। जबकि, एक शख्स को वह रेस्क्यू करने में नाकाम साबित होते दिखे। दरअसल, स्थानीय प्रशासन को गंगा का जलस्तर बढ़ने के चलते त्रिवेणीघाट पर सुबह आठ बजे तीन लोगों के बहने की सूचना मिली थी। तत्काल राहत–बचाव के लिए प्रशासन और संबंधित महकमों की टीम घाट पर पहुंची। जल पुलिस जवानों के माध्यम से गंगा में बह रहे तीनों युवकों का रेस्क्यू करने का प्रयास शुरू हुआ है, जिसमें जल पुलिस जवानों ने एक शख्स को लाइफ बॉय ट्यूब फेंककर बचाने की कोशिश की, लेकिन यह लाइफ बॉय ट्यूब उस तक पहुंचा ही नहीं।

किसी तरह युवक पानी से खुद ही किनारे तक पहुंच गया। जबकि, दूसरे का रेस्क्यू करने में जवान सफल रहे, लेकिन तीसरे युवक के रेस्क्यू में नाकाम होते नजर आए। रेस्क्यू करने के बाद युवकों को उपचार के लिए भेजा गया। इसीबीच गंगा के उफान में सांप और मगरमच्छ भी बह आ गए, जिसमें त्रिवेणीघाट पर भगदड़ की स्थिति बनी। इसमें लोग जान बचाने के फेर में एक–दूसरे के ऊपर गिर गए। उनका भी रेस्क्यू कर उन्हें इलाज को एम्बुलेंस से भेजा गया। इसी बीच चंद्रेश्वरनगर में भी जलभराव में पांच लोगों के एक बिल्डिंग की छत पर होने की सूचना मिली। तत्काल राहत–बचाव में जुटी टीम ने बिल्डिंग से सभी का रेस्क्यू किया। करीब 10:30 बजे मॉक ड्रिल संपन्न हुई। एसडीएम योगेश मेहरा ने बताया कि मॉक ड्रिल में रिस्पांस टाइम को चेक किया जाना था, जोकि सही पाया गया। बताया कि राहत–बचाव एजेंसियों को संसाधनों की कमी की रिपोर्ट प्रस्तुत करने के लिए कहा गया है, जिससे उन्हें आपदा राहत मदद से यह सुविधा दी जा सके। मॉक ड्रिल में सीओ संदीप नेगी, तहसीलदार चमन सिंह, सहायक नगर आयुक्त रमेश रावत, कोतवाल प्रदीप राणा, एसडीआरएफ निरीक्षक कविंद्र सजवाण आदि मौजूद रहे।

**पदा प्रबंधन सचिव ने लिया फीडबैक:**

त्रिवेणीघाट और आसपास के मॉक ड्रिल संपन्न होने के बाद नगर निगम के स्वर्ण जयंती सभागार में एसडीएम योगेश मेहरा ने बैठक ली। उन्होंने मॉकड्रिल में शामिल अधिकारियों व कर्मचारियों को आवश्यक दिशा–निर्देश दिए।

### स्पा सेंटर में चल रहे देह व्यापार का खुलासा, चार गिरफ्तार

देहरादून। चकराता रोड पर नेचर टू स्पा एंड सैलून में चल रहे देह व्यापार का दून पुलिस ने खुलासा किया है। स्पा सेंटर के मालिक, संचालक और दो ग्राहक समेत चार आरोपी गिरफ्तार किए गए हैं। सेंटर में देह व्यापार के लिए रखी गई आठ युवतियों को रेस्क्यू कर उनके परिजनों के सुपुर्द किया गया। आरोपी जस्ट डायल एप के जरिए ग्राहकों से संपर्क कर उन्हें बुलाता था। एसएसपी अजय सिंह ने बताया कि गोपनीय सूचना पर एंटी ह्यूमन ट्रैफिक यूनिट और कैंट कोतवाली पुलिस को मौके पर भेजा गया। पुलिस टीम ने रविवार रात छापा मारा। इस दौरान स्पा सेंटर के अलग–अलग केबिन से दो पुरुष और दो महिलाओं को आपत्तिजनक स्थिति में पकड़ा गया। पुलिस ने मौके पर कार्रवाई करते हुए स्पा सेंटर के मालिक अनुज निवासी रामपुर मनिहारन जिला सहारनपुर हाल निवासी अलकनंदा एंक्लेव, जीएमएस रोड, संचालक सागर चौधरी निवासी छिदबना, थाना रामपुर जिला सहारनपुर, ग्राहक अभय नयन और विपिन धनकड़ दोनों निवासी मुरलीवाला, धामपुर, जिला बिजनौर को गिरफ्तार किया गया। शहर में कई अन्य स्पा सेंटरों में इस तरह देह व्यापार कराए जाने की पुलिस को शिकायत मिली है।

# प्रमुख उद्यमी गुरुप्रसाद ने थामा भाजपा का दामन



नई टिहरी : भाजपा जिलाध्यक्ष उदय रावत की अध्यक्षता और प्रतापनगर के पूर्व विधायक विजय सिंह पंवार के नेतृत्व में सोमवार को सामाजिक कार्यकर्ता और शहर के प्रमुख उद्यमी गुरु प्रसाद भट्ट, कांग्रेस के प्रतापनगर ब्लॉक अध्यक्ष बरफ चंद रमोला सहित कई कांग्रेस कार्यकर्ता भाजपा में शामिल हुए। भाजपा जिलाध्यक्ष रावत ने उन्हें पार्टी का पटका व फूलमाला पहनाकर पार्टी की सदस्यता दिलाई। जिलाध्यक्ष ने कहा कि भाजपा सिद्धांतों पर चलने वाली पार्टी है। विभिन्न संगठनों के लोग भाजपा से जुड़कर विकास का साथ दे रहे हैं। इस मौके पर पूर्व विधायक पंवार ने भी विचार रखे। मौके पर पूर्व जिलाध्यक्ष विनोद रतूड़ी, पूर्व प्रमुख मस्ता सिंह नेगी, जगदंबा रतूड़ी, मंडल अध्यक्ष रमेश रतूड़ी, मनोज रमोला, बलवंत रावत, विजय कठैत, शीशराम थपलियाल, जयेंद्र पंवार, ओम प्रकाश रतूड़ी, दीप चंद रमोला, जनार्दन प्रसाद, कर्ण सिंह, दिनेश रतूड़ी, जयेंद्र पंवार मौजूद थे। (एजेंसी)

# बोक्सा जनजाति के लोग कांग्रेस के साथ खड़े: रमोला

ऋषिकेश। पंचायत चुनाव को लेकर कांग्रेस ने तैयारी शुरू कर दी है। विभिन्न जगहों पर कांग्रेस पदधिकारी बैठक कर पंचायत चुनाव के लिए कार्यकर्ताओं से एकजुट होने का आह्वान कर रहे हैं। सोमवार को गढ़ी ग्रामसभा की बोक्सा बस्ती में श्यामपुर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी की मासिक बैठक आयोजित हुई। कांग्रेस नेता जयेंद्र रमोला ने कहा कि कांग्रेस पार्टी मासिक बैठक के माध्यम से आम जनता से सीधा संपर्क साधने का काम करती है और बैठक में जनता से जुड़े मुद्दों पर बात कर उसके निवारण का प्रयास किया जाता है। स्थानीय लोगों के सुझाव लेकर उस पर अमल किया जाता है। आज सरकार आमजन की आवाज को दबाकर पंचायतों के अधिकारों को खत्म करने का काम कर रही है। ऐसे कई मुद्दों पर गहन चर्चा की गई। उन्होंने कहा कि बोक्सा जनजाति के लोगों ने देश की आज़ादी से अब तक कांग्रेस को मजबूत करने का काम किया है और आज भी मजबूती से कांग्रेस के साथ खड़े होकर आने वाले पंचायत चुनाव में जनता के सामने भाजपा की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ आवाज उठाएंगे। प्रदेश सचिव सोहनलाल रतूड़ी ने कहा कि आज प्रत्येक ग्रामवासी पूरी तरह से कांग्रेस पार्टी के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ा है और वो पंचायत चुनाव में कांग्रेस के उम्मीदवार व कांग्रेस समर्थित प्रत्याशियों को विजयी बनाने का काम करेंगे। श्यामपुर ब्लॉक अध्यक्ष विजयपाल पंवार व प्रदेश सचिव कांग्रेस भगवती प्रसाद सेमवाल ने कहा कि कांग्रेस हमेशा से हर वर्ग को साथ लेकर चलती है और उसकी लड़ाई को पूरी ताकत से लड़ती है कांग्रेस हर तबके के लोगों की आवाज बनकर पंचायत चुनाव में जीत हासिल करेगी। मौके पर पूर्व प्रधान सतीश रावत, मनोज कलूड़ा, जगमोहन सिंह रावत, जतिन राणा,किरण देवी, सुमित चौधरी, शंभु चौहान, लीला सिंह, मनिता, खुशी, शिवम, दीपक, लक्ष्मी, सतेंद्र रावल, निर्मल रागड़, परमजीत सिंह, वीरेंद्र रागढ़, पार्वती देवी, ममता रावत, प्रमोद रावत, विक्रम सिंह बिष्ट, नवल बिष्ट, इंदु चौहान, राधे बिष्ट, मीनाक्षी, प्रेम लाल, वीर सिंह राणा, गोदांबरी देवी, राधा देवी, बलवीर सिंह रावत, देवेंद्र सिंह रावत, शुभम रावत, सानिया रावत आदि उपस्थित रहे।

### सविता क्षेत्री बनी हरितालिका तीज उत्सव मेला समिति अध्यक्ष

देहरादून। गोर्खाली महिला हरितालिका उत्सव तीज कमेटी के तत्वावधान में प्रतिवर्ष आयोजित होने वाले हरितालिका तीज उत्सव मेला आयोजन को लेकर सोमवार को गोर्खाली सुधार सभा भवन गढ़ी कैंट में हरितालिका तीज उत्सव समिति की बैठक हुई। इस बैठक में सर्वसम्मति से सविता क्षेत्री को हरितालिका तीज उत्सव मेला–2025 की आयोजन समिति का अध्यक्ष चुना गया। इस वर्ष हरितालिका तीज उत्सव मेला रविवार 24 अगस्त को महिंद्रा ग्राउंड गढ़ी कैंट में होगा। मीडिया प्रभारी प्रभा शाह ने बताया कि विगत 18 वर्षों से हरितालिका तीज कमेटी अपनी भाषा, परम्परा एवं लोक संस्कृति के संरक्षण, संवर्धन के लिए गोर्खाली महिला हरितालिका तीज उत्सव को एक भव्य मेले के रूप में आयोजित करती आ रही है, जिसमें देश–विदेश के कलाकारों एवं अतिथिगणों को आमंत्रित किया जाता है।

### गढ़ी में लाखों के गहने–नकदी चोरी

ऋषिकेश। गढ़ी मयचक में एक बंद घर को अज्ञात ने निशाना बनाते हुए लाखों रुपये के गहनों और नकदी पर हाथ साफ कर दिया। बताया जा रहा है कि जल्दबाजी में अज्ञात चोर मौके पर ही खुद का मोबाइल भी भूल गया। शिकायत पर पुलिस ने घटनास्थल का जायजा लेकर अज्ञात की पहचान को प्रयास तेज कर दिए हैं।

जानकारी के मुताबिक, यह घटना गढ़ी मयचक के गली नंबर 21 में हुई। स्थानीय निवासी रमन रांगड़ ने बताया कि हंसा देवी परिवार समेत किसी काम से बाहर गए हुए हैं। सोमवार की सुबह पड़ोसियों को उनके घर का ताला टूटा दिखा, जिसके बाद जानकारी मिलने के बाद वह भी मौके पर पहुंचे। घटना की सूचना पर पुलिस को दी। रमन ने बताया कि करीब 10 लाख रुपये के गहने और नकदी चोरी की गई है।

# आर्य समाज मंदिर धामावाला का स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया

देहरादून। आर्य समाज मन्दिर धामावाला देहरादून का 147 वां स्थापना दिवस सोमवार को श्रद्धापूर्वक और हर्षोल्लास से मनाया गया। कार्यक्रम का आरम्भ वैदिक मन्त्रों के उच्चारण के साथ भावना शास्त्री द्वारा यज्ञ से हुआ, प्रधान सुधीर गुलाटी ने ध्वजारोहण किया। आर्य भजनोपदेशक पं. भूपेंद्र आर्य के साथ तबलावादक राजकुमार की संगत ने ईश्वर भक्ति के भजनों से सभी उपस्थित आर्य जनों को मंत्रमुग्ध कर दिया। मैत्रीय कन्या गुरुकुल मुंडाखेड़ा लक्सर की प्रधानाचार्य डॉ. सविता देवी ने अपने व्याख्यान में कहा कि श्रेष्ठ कर्मों के आधार पर मनुष्य जन्म मिलता है। मनुष्य केवल मनुष्य शरीर पाने से मनुष्य नहीं हो जाते बल्कि इसके लिए शुभ कर्म करने होते हैं क मानवीय गुणों को विकसित करना और पशुवत प्रवृतियों से ऊपर उठना जीवन का लक्ष्य होना चाहिए क कार्यक्रम में आर्य समाज मन्दिर धामावाला की सदस्य स्नेहलता खट्टर, आदर्श कुमार अग्रवाल, महेश चंद्र, कुंवर सिंह आर्य जी को समर्पित भाव से योगदान के लिए स्मृति चिन्ह और शाल ओढ़ा कर सम्मानित किया गया क आर्य समाज मन्दिर धामावाला के प्रधान सुधीर गुलाटी आर्य समाज धामावाला की स्थापना के इतिहास पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में आर्य समाज मन्दिर धामावाला के पदाधिकारी, सदस्यों के अतिरिक्त दून जिले की कौलागढ़, करणपुर, लक्ष्मण चौक, डोईवाला शाखा प्रतिनिधि समेत धीरेन्द्र मोहन सचदेव, सुभाष चन्द्र गोयल, सतीश चन्द्र, रेखा आर्या, बसंत कुमार आर्य, सुरेश नैय्यर, संगीता आर्य, चंद्रपाल आर्य, पंथ देव गुप्ता, सत्यपाल आनंद,चंद्रपाल सिंह आर्य, सोनिका वालिया, अरुणा गुप्ता, अलोक कुमार कश्यप, संजय भल्ला, शिक्षा आर्य, प्रताप सिंह रोहिल्ला, लछ्मन दास आर्य, देवेंद्र सैनी, जगवती चौधरी उपस्थित रहे कसंचालन उपमंत्री नवीन भट्ट ने किया।

# श्यामपुर में गोयला नाला उफान पर आया, ग्रामीणों के घरों में घुसा पानी

ऋषिकेश। भारी बारिश में दूसरे दिन भी गोयला नाले ने श्यामपुर क्षेत्र में आफत बढ़ाई। उफान पर आए नाले से ऊर्जा निगम के तीन पोल और आधा किलोमीटर लंबी लाइन क्षतिग्रस्त हो गई। इससे ग्रामीण क्षेत्र में आपूर्ति ठप हुई, लेकिन ऊर्जा निगम की टीम ने वैकल्पिक व्यवस्था के माध्यम से बामुश्किल गांव में बिजली सप्लाई को सुचारु किया। चार ग्रामीणों के घरों तक भी बरसाती नाले का पानी पहुंचा। सोमवार को भोर से गोयला नाला उफान पर रहा। बरसाती पानी से लबालब होकर चल रहे नाले की वजह से सटे आबादी क्षेत्र में लोग जलभराव की आशंका में सहमे रहे। राहत–बचाव के लिए पुलिस और अन्य एजेंसी अलर्ट दिखी। इसी बीच गढ़ी मयचक ग्रामसभा में बरसाती नाले के पास खड़े ऊर्जा निगम के दो पोल पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गए। जबकि, एक पोल आंशिक रूप से डैमेज हुआ।

खंभों के क्षतिग्रस्त होने के साथ ही विद्युत लाइन भी झूलकर क्षतिग्रस्त हो गई। गनीमत रही कि लाइन की चपेट में कोई व्यक्ति नहीं आया। प्रधान नीलम रावत ने बताया कि गांव में सतेंद्र सरदार की गोशाला नाले के बरसाती पानी से बर्बाद हो गई है। मायाराम नौटियाल समेत चार ग्रामीणों के घरों तक भी बरसाती पानी पहुंचा। गोयला नाले के उफान से दिनभर गांव में हड़कंप की स्थिति दिखी। सिंचाई विभाग के अधिकारी भी यहां नाले के उफान को आबादी की तरफ जाने से रोकने के लिए जेसीबी के साथ जुटे दिखे। सिंचाई विभाग के उपखंड अधिकारी सुरेंद्र श्रीकोटी ने बताया कि नाले से आबादी क्षेत्र को सुरक्षित करने के लिए हरसंभव प्रयास किए जा रहे हैं। फौरी इंतजाम के रूप में किनारों पर पत्थर की वायरक्रेट भी डाली जा रही है। उधर, ऊर्जा निगम के ईई शक्ति प्रसाद ने बताया कि पोल व लाइन क्षतिग्रस्त होने से करीब छह लाख रूपये का नुकसान हुआ है। फिलहाल वैकल्पिक तौर पर गांव में विद्युत आपूर्ति सुचारु की गई है। .

### वन मुख्यालय में तैनात कर्मचारी 28 अप्रैल से लापता

देहरादून। वन मुख्यालय के वाइल्ड लाइफ कार्यालय में तैनात एक कर्मचारी बीते 28 अप्रैल से लापता है। कर्मचारी का काफी खोजबीन के बाद भी पता नहीं लग पाया है। मामले में कर्मचारी के पिता की तहरीर पर डालनवाला कोतवाली पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। इंस्पेक्टर डालनवाला मनोज कुमार मैनवाल ने बताया कि बिशनलाल निवासी ब्रह्मावाला खाला, अपर अमन विहार ने तहरीर दी। बताया कि बेटा सुनील आर्य उम्र 42 वर्ष वन विभाग मुख्यालय में नौकरी करता है। बीते 28 अप्रैल को सुनील का स्वास्थ्य ठीक नहीं था। पिता सुबह 10 बजे राजपुर स्थित वन मुख्यालय छोड़कर गए। शाम पांच बजे वापस लेने पहुंचे तो वह अपने ऑफिस में नहीं मिला। पूछताछ करने पर बताया गया कि ऑफिस से 12 बजे बिना बताए जा चुका है। काफी तलाश करने के साथ ही डालनवाला थाने में गुमशुदगी दर्ज कराई। पुलिस ने भी तलाश की। फिर भी कुछ पता नहीं लगा। पुलिस ने रविवार को सुनील आर्य के लापता होने का मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# डाट काली मंदिर में भैरव पूजा से शुरू हुआ 222 वां वार्षिक उत्सव

देहरादून। मां डाटवाली मनोकामना सिद्ध पीठ का 222 वां वार्षिकोत्सव भैरव पूजा के साथ प्रारंभ हो गया है। दो जुलाई को झंडा परिक्रमा, 3 जुलाई को माता रानी का भव्य जागरण और 4 जुलाई को भंडारा

सोमवार को आयोजन के सम्बंध में एक प्रेस वार्ता धामावाला स्थित सिद्धार्थ रेजीडेंसी में हुई। प्रेसवार्ता में मंदिर के शुभम गोस्वामी एवं संयम गोस्वामी के सानिध्य में दिनेश अग्रवाल, गौरव कुमार ने मां डाटवाली सिद्ध मंदिर के 222 वें वार्षिकोत्सव के आयोजन के विषय में जानकारी देते हुए बताया कि मंदिर का वार्षिकोत्सव महंत रमन प्रसाद गोस्वामी के सानिध्य में रविवार से भैरव पूजा के साथ प्रारंभ हो गया है। सोमवार की प्रातः 6 बजे से आचार्यगणों द्वारा शिव पूजा की गई।

मंगलवार को सायंकाल मंदिर प्रांगण में भव्य सुंदरकांड का पाठ गायक हरिपाल आहूजा करेंगे। 2 जुलाई को झंडे परिक्रमा सुभाष नगर से प्रारंभ होगी। 3 जुलाई को माता रानी का भव्य जागरण रात्रि 9 बजे से प्रारंभ होगा। 4 जुलाई को मां का विशाल भंडारा प्रातः 11 बजे से प्रारंभ होगा। माता रानी के भजनों का गुणगान हेमंत बृजवासी(मथुरा), पप्पू अरोड़ा( दिल्ली ), मन्नू सिकंदर ( यमुना नगर ), लैविश लव ( पंजाब ), कृष्णा एंड पार्टी देहरादून, मनोज सरगम एंड पार्टी देहरादून करेंगे। उन्होंने बताया कि मां के वार्षिकोत्सव में देश विदेश से मां पर आस्था रखने वाले भक्त मंदिर आते हैं। इस बार फूलों की सजावट एवं बिजली की सजावट मुख्य आकर्षण होंगे। यातायात की समस्या को देखते हुए शोभायात्रा भी सुभाष नगर से मंदिर प्रस्थान करेगी ताकि आम जन मानस को असुविधा न हो। इस अवसर पर शिवम गोयल , विक्की खत्री, वासु परविंदा आदि मौजूद थे।

# बरसात में आपदा से निपटने के लिए देहरादून प्रशासन ने कसी कमर

देहरादून। बरसात के सीजन में बाढ़, जल भराव, भूस्खलन एवं संभावित आपदाओं से निपटने के लिए सोमवार को देहरादून जिला प्रशासन ने चार अलग–अलग स्थानों पर एक साथ मॉक अभ्यास कर अपनी तैयारियों को परखा। यह अभ्यास त्रिवेणी घाट ऋषिकेश, केशवपुर बस्ती डोईवाला, शक्ति नहर विकासनगर और सपेरा बस्ती अधोईवाला देहरादून में किया गया।

जिला आपातकालीन परिचालन केंद्र में सुबह 9: 00 बजे ऋषिकेश, डोईवाला, विकासनगर और अधोईवाल में भारी बरसात के कारण बाढ़, जलभराव और कुछ लोगों के डूबने की सूचना मिलने पर जिलाधिकारी सविन बंसल ने तत्काल जिला एवं तहसील स्तर पर इंसीडेंट रिस्पोंस सिस्टम को सक्रिय करते हुए सभी नोडल अधिकारियों को तत्परता से रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी के निर्देश पर एडीएम केके मिश्रा ने एनआईसी में स्थापित कंट्रोल रूम




पहुंचकर आईआरएस की कमान सभाली। इस दौरान एडीएम कंट्रोल रूम से चारों घटना स्थलों पर रेस्क्यू कार्यों का पल–पल अपडेट लेते रहे। उत्तराखंड राज्य आपातकालीन परिचालन केंद्र से राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के उपाध्यक्ष विनय रूहेला, आपदा सचिव विनोद कुमार सुमन एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी रेस्क्यू ऑपरेशन को लाइव ऑब्जर्व कर रहे थे।

ऋषिकेश त्रिवेणी घाट में नदी का जल स्तर बढ़ने से एक व्यक्ति के बहने की सूचना प्रसारित की गई। ऋषिकेश तहसील प्रशासन की आईआरएस टीम के रेस्क्यू दल ने तत्काल मौके पर पहुंच कर बचाव कार्य शुरू किया। नदी में डूबते व्यक्ति को एनडीआरएफ व जल पुलिस द्वारा रेस्क्यू कर अस्पताल पहुंचाया गया। रेस्क्यू टीम ने नदी किनारे से लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाते हुए नदी के बहाव से दूर रहने की सूचना भी प्रसारित की गई।

वहीं दूसरी घटना में सोंग नदी का जल स्तर बढ़ने से डोईवाला केशवरपुर बस्ती के 03 घरों में पानी भरने और क्षेत्र में जनजीवन प्रभावित होने की सूचना पर डोईवाला तहसील प्रशासन की टीम ने राहत एवं बचाव कार्य शुरू किए। बचाव दलों ने घटना स्थल से प्रभावित लोगों को रेस्क्यू कर राहत केंद्र पहुंचा। राहत शिविर में प्रभावित लोगों की प्राथमिक उपचार के साथ भोजन, पानी एवं आवश्यक सामग्री का वितरण किया गया। तीसरी घटना में विकासनगर के शक्ति नहर में 03 लोगों के बहने की सूचना पर तहसील प्रशासन की आईआरएस टीम ने सक्रियता से रेस्क्यू टीमें मौके के लिए रवाना किया। एसडीआरएफ, एनडीआरएफ और जल पुलिस की मदद से 3 घायलों को नहर से रेस्क्यू कर चिकित्सा उपचार हेतु 108 से अस्पताल पहुंचाया। चौथी घटना अधोईवाला स्थित सपेरा बस्ती में लोगों के घरों में बरसात का पानी भरने, एक मकान क्षतिग्रस्त होने की सूचना पर तहसील स्तर पर आईआरएस ने तत्परता से रेस्क्यू टीमें गठित कर घटनास्थल के लिए रवाना किया और प्रभावित लोगों को निकालकर राहत केंद्र में विस्थापित किया। घटना स्थलों पर सर्च एवं रेस्क्यू ऑपरेशन पूरा किया गया। अपर जिलाधिकारी कंट्रोल रूम से चारों घटना स्थलों पर राहत एवं बचाव कार्यों की पल–पल निगरानी कर रहे थे।

**जयन्त**
**संस्थापक**
स्व.नरेन्द्र उनियाल
प्रकाशक,मुद्रक और स्वामी
**नागेन्द्र उनियाल** द्वारा प्रतिभा प्रेस से मुद्रित तथा बद्रीनाथ मार्ग कोटद्वार (गढ़वाल) से प्रकाशित
–सम्पादक
**नागेन्द्र उनियाल**
आर.एन.आई. 35469/79
फोन/फैक्स 01382–222383
मो. 8445596074, 9412081969
e-mail: nagendra.uniyal@gmail.com